वर्ष : 16 | अंक : 08 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | सोमवार, 10 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
दैनिक
बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

## भारतीय वायुसेना का 93वां स्थापना दिवस

# ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 75 विमानों का फ्लाइंग डिस्प्ले



### राफेल, सुखोई, तेजस ने बनाए 25 फॉर्मेशन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली। (एजेंसी)** भारतीय वायु सेना के 93वें स्थापना दिवस पर नॉर्दर्न कमांड गुवाहाटी में पहला एयर शो हुआ। वायुसेना के एयर वॉरियर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 25 से ज्यादा फॉर्मेशन बनाए। इसके लिए राफेल, सुखोई, तेजस समेत 75 से ज्यादा प्लेन और हेलिकॉप्टरों ने फ्लाइंग डिस्प्ले किया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम "अचूक, अभेद्य और सटीक" है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है।

### सात एयरपोर्ट्स भरी उड़ान

फ्लाइंग डिस्प्ले के लिए वायुसेना के वॉरियर्स ने गुवाहाटी, तेजपुर, जोरहाट, छाबुआ, हासीमारा, बागडोगरा और पानागढ़ से उडान भरी। लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई-30, अपाचे, मिग-29, आईएल-78 रिफ्यूलर, मिराज, जगुआर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एमआई-17, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर-एमके1, सी-130 हरक्यूलिस, एंटोनोव एएन-32 और सूर्य किरण विमान शामिल हुए।

### पूर्वोत्तर के लोगों का प्रतिनिधित्व बहुत बड़ा

एयर शो के मौके पर पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (AOC-in-C) एयर मार्शल सूरत सिंह ने कहा- एयर शो के लिए हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र को इसलिए चुना क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधित्व बहुत बड़ा है। यह भारतीय वायु सेना की ओर से पूर्वोत्तर के लोगों से जुड़ने का एक प्रयास है। पूर्वोत्तर के लिए गुवाहाटी प्रवेश द्वार है।





## दिल्ली में एयर पॉल्यूशन का विरोध करने वाले अरेस्ट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन के खिलाफ रविवार को इंडिया गेट पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शाम होते-होते पुलिस ने लोगों को इंडिया गेट से हटाया। इस दौरान कई लोगों को डिटेन किया गया। विरोध करने वालों में मौजूद पर्यावरण कार्यकर्ता भवरीन कंधारी ने कहा कि बच्चों की सेहत तेजी से बिगड़ रही है। हर तीसरे बच्चे के फेफड़े प्रदूषण से प्रभावित हैं। एक और प्रदर्शनकारी अभिषेक ने कहा कि सरकारें एक-दूसरे पर आरोप लगाने में लगी हैं, जबकि लोगों को स्वच्छ हवा का बुनियादी अधिकार भी नहीं मिल रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार के पास प्रदूषण से निपटने के लिए न कोई प्लानिंग और न ही पॉलिसी है। सरकार प्रदूषण का डेटा भी छिपा रही है।इंडिया गेट पर कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची थीं। लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार से साफ हवा की मांग की। वहीं, पुलिस ने कहा कि विरोध करने वाले बिना परमिशन के इंडिया गेट पर जमा हुए। डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि यह एक्शन एहतियातन लिया गया। विरोध के लिए केवल जंतर-मंतर ही तय जगह है।

## राहुल गांधी को MP में 10 पुश अप की सजा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में राहुल गांधी को 10 पुश अप लगाने की सजा मिली। यह सजा कांग्रेस नेता ने ही उन्हें लेट आने पर दी। राहुल गांधी शनिवार को पचमढ़ी के होटल हाईलैंड में चल रहे कांग्रेस जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग कैंप में तय समय से लेट पहुंचे थे। इस पर कांग्रेस ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के हेड सचिन राव ने कहा- हमारे प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन का पालन न करने पर पनिशमेंट दिया जाता है। राहुल गांधी ने पूछा कि मेरे लिए क्या तय किया है? तो सचिन राव ने कहा- आपको 10 पुशअप लगाने होंगे। इसके बाद राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों के सामने दस पुश अप लगाए। राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों के सामने जुजुत्सु का अभ्यास करते हुए बताया कि अपनी जमीन पर पकड़ कैसे मजबूत होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि आपके पैर मजबूती से जमीन पर रहने चाहिए। यदि जमीन छोड़ दी तो आपकी पकड़ कमजोर हो जाएगी।

## कश्मीर में पाकिस्तान का नेटवर्क, 120 जगह छापे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दो पुलिस अधिकारियों को आतंकवादियों से संबंध रखने और उनकी मदद करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त अधिकारियों की पहचान अब्दुल लतीफ और मोहम्मद अब्बास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अब्दुल लतीफ आतंकवादियों के संपर्क में था और उनका सपोर्ट कर रहा था। FIR दर्ज की गई है और वह फिलहाल डोडा जेल में बंद है। वहीं दूसरे अधिकारी के खिलाफ 4 FIR दर्ज हैं। कश्मीर में आतंक नेटवर्क को तोड़ने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। जम्मू-कश्मीर पुलिस, काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की संयुक्त टीमों ने 120 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापों के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड, डिजिटल डिवाइस और अन्य सामग्री जब्त की गई थी।

# मोरपाल के समर्थन में CM भजनलाल ने किया रोड शो

## वसुंधरा बोलीं- अंता हमेशा से भाजपा का गढ़ रहा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव से महज 48 घंटे पहले भाजपा की विजय संकल्प यात्रा ने माहौल को गरमा दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस रोड शो में संयुक्त रूप से शक्ति प्रदर्शन किया। यह यात्रा भाजपा प्रदेश नेतृत्व की रणनीति के तहत निकाली गई, जिसका उद्देश्य मतदाताओं में जोश और उत्साह भरना था।

यह यात्रा अजीतपुरा बालाजी से आरंभ हुई, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व प्रदेश मंत्री मदन राठौड़ ने किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, भाजपा आईटी विभाग के प्रदेश सह-संयोजक शिवम विजयवर्गीय, जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार, मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना, चेयरमैन रामेश्वर खंडेलवाल और गणेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

अंता नगर में रोड शो के लिए विशेष साज-सज्जा की गई थी। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और नेताओं पर फूलों की वर्षा की गई। कार्यकर्ताओं ने 51 किलो के पुष्पहार से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री ने खुले वाहन में सवार होकर जनता का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह उपचुनाव अंता क्षेत्र के विकास की दिशा तय करेगा। हमारी सरकार ने पूरे प्रदेश में विकास की नई राहें खोली हैं, अंता भी इससे अछूता नहीं रहेगा। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि अंता हमेशा से भाजपा का गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने हमेशा विकास और स्थिरता के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा सरकार क्षेत्र में नई सुविधाओं और योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने भाजपा नेताओं का स्वागत किया। माहौल में चुनावी जोश साफ झलक रहा था। गहमागहमी और जयकारों के बीच भाजपा नेताओं ने जनता से विकास के लिए मतदान की अपील की। इससे पहले भाजपा की विजय संकल्प यात्रा मांगरोल में हुई थी, सीएम भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे शामिल हुईं थी।गौरतलब है कि अंता विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं और 14 नवंबर को इसका रिजल्ट आएगा।

## मोदी बोले- उत्तराखंड का असली परिचय आध्यात्मिक शक्ति



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड की रजत जयंती पर आज पीएम मोदी देहरादून पहुंचे। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (FRI) में 29 मिनट के भाषण की शुरुआत उन्होंने गढ़वाली बोली में की। उन्होंने कहा- इसके बाद उन्होंने सभी उत्तराखंडियों को राज्य गठन के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा- तीर्थाटन और बरामासी पर्यटन उत्तराखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, राज्य का असली परिचय उसकी आध्यात्मिक शक्ति है। ये दुनिया की स्पिरिचुअल कैपिटल के रूप में स्थापित हो सकता है। पीएम ने मंच से बटन दबाकर 8140 करोड़ की योजनाएं भी शुरू कीं। उन्होंने कहा कि कई बार इस राज्य के विकास पर ब्रेक लगा है, लेकिन हमने सुनिश्चित किया है कि ये ब्रेक ना लगे। अगस्त 2014 के बाद 30वीं बार उत्तराखंड पहुंचे मोदी से पहले मंच को संबोधित करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उनकी जमकर तारीफ की, मंच से ही उन्होंने एक कविता पढ़कर पीएम को राष्ट्रऋषि बताया। मोदी ने कहा कि वेडिंग डेस्टिनेशन में भी उत्तराखंड लोकप्रिय हो रहा है। मेरा अभियान है- वेड इन इंडिया। साथियों ने देश ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया है। इसका रास्ता वोकल फॉर लोकल से पूरा होगा।

मुझे खुशी है कि यहां अभियान को तेज गति मिली है। यहां 15 कृषि उत्पादों को जीआई टैग मिला है। बद्री गाय का घी पहाड़ के हर घर की शान है। बेंडू अब बाहर के बाजारों तक पहुंच रहा है। वो उत्पाद जहां जाएगा, अपने साथ उत्तराखंड की पहचान भी ले जाएगा।

### भागवत बोले- संघ की शाखा में मुस्लिम-ईसाई भी आते हैं

## हम नहीं पूछते- कौन क्या है; संघ में भगवा रंग गुरु, तिरंगे का भी बहुत सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चीफ मोहन भागवत ने कहा कि संघ की सोच समावेशी है। शाखा में मुस्लिम भी आते हैं, ईसाई भी आते हैं और हिंदू भी आते हैं। हम यह नहीं पूछते कि कौन क्या है। हम सब भारत माता के पुत्र हैं। यही संघ की कार्यशैली है। उन्होंने कहा- हमारा किसी एक दल से कोई विशेष लगाव नहीं है। संघ की कोई पार्टी नहीं है। कोई भी पार्टी हमारी नहीं और सभी पार्टियां हमारी हैं क्योंकि वे भारतीय दल हैं। हम राष्ट्रनीति का समर्थन करते हैं, राजनीति का नहीं। हम देश को एक दिशा देना चाहते हैं। जो उस दिशा में काम करेगा, हम उसका समर्थन करेंगे। इससे पहले भागवत ने कहा था कि संघ भगवा झंडे को मानता है, तिरंगे को नहीं, इस मुद्दे पर भागवत ने कहा कि संघ में भगवा को गुरु मानते हैं, लेकिन हम तिरंगे का बहुत सम्मान करते हैं। दरअसल, भागवत ने यह बात कर्नाटक के बेंगलुरु में विश्व संवाद केंद्र में 8-9 नवंबर तक दो दिन के '100 इयर्स ऑफ संघ जर्नीः न्यू होराइजन्स' लेक्चर सीरीज में कही है।



### संघ को तीन बार बैन किया गया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हमारे संगठन को व्यक्तियों के एक निकाय के रूप में मान्यता दी जाती है। संघ की 1925 में स्थापना हुई थी। क्या आपको लगता है कि ब्रिटिश सरकार इसका रजिस्ट्रेशन करती? असल में कांग्रेस आरोप लगाती है कि RSS बिना रजिस्ट्रेशन के ही चलने वाला संगठन है। भागवत ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य नहीं किया। हम लोगों के समूह की श्रेणी में आते हैं और हम एक जाना-माना संगठन हैं। इनकम टैक्स विभाग और अदालतें RSS को लोगों का समूह मानती हैं। हमारे संगठन को इनकम टैक्स से छूट दी गई थी। भागवत ने कहा कि संगठन को तीन बार बैन किया गया। इसके बाद हमारे संगठन को मान्यता दे दी। अगर हम नहीं थे, तो किस पर प्रतिबंध लगाया? ऐसी कई चीजें हैं, जो रजिस्टर्ड नहीं है। हिंदू धर्म भी रजिस्टर्ड नहीं है।




# 600 वर्ष से अधिक पुराना है रींगस का भैरुबाबा धाम, 12 नवम्बर को मनाएंगे बाबा का जन्मदिन

## कालाष्टमी के दिन आकाशवाणी होने के साथ रींगस में रुक गई थी भैरुबाबा की प्रतिमा

बढ़ता राजस्थान

**रींगस ( के सी राजा )।** कस्बे के लोक देवता भैरुबाबा का धाम करीब 600 वर्ष से अधिक पुराना है। कालाष्टमी के दिन आकाशवाणी होने के साथ ही रींगस कस्बे में भैरुबाबा की प्रतिमा की स्थापना हुई थी। भैरु बाबा मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर के बारे में उनके पूर्वजों ने बताया कि ब्रह्माजी के पांचवें मुख से शिवजी की आलोचना के बाद भगवान शिव के पांचवे रुद्र अवतार के रूप में भैरु बाबा के रूप में अवतरित हुए एवं अपने नाखून से ब्रह्माजी का पांचवा मुख धड़ से अलग कर दिया था। इसके बाद भैरु बाबा को ब्रह्महत्या का अभिशाप लग गया। अभिशाप से मुक्ति पाने के लिए शिवजी के आदेश पर भैरुबाबा ने तीनों लोकों की यात्रा की थी। भैरुजी मंदिर पुजारी परिवार ने बताया कि भैरु बाबा मंदिर के



पुजारी गुर्जर जाति से होने के कारण गायें चराते थे व मंडोर जोधपुर में निवास करते थे। गायें चराते समय एक छोटे पत्थर की गोल मूर्ति भैरु बाबा के रूप में झोली में रख कर पूजा अर्चना करते थे। अधिकतर गुर्जर गायें चराते समय तालाबों के किनारे ही रुकते थे। वें जहां भी रुकते वहीं झोली से भैरु बाबा की मूर्ति निकाल कर शाम को पूजा अर्चना के साथ भोग लगा कर सो जाते थे। सुबह उठकर नित्य कर्म के साथ पूजा अर्चना कर छोटे पत्थर की भैरु बाबा की मूर्ति को वापस झोले में रखकर गायों के साथ निकल जाते थे। इसीक्रम में मंडोर जोधपुर से चलते हुए दूदू के पास स्थित पालू गांव, जयपुर के पास स्थित बेनाड़ होते हुए रींगस में आकर तालाब किनारे रात्रि विश्राम किया। झोली से पत्थर की मूर्ति निकाल कर पूजा अर्चना के बाद खाना खाकर सो गए। सुबह रवाना होने के लिए मूर्ति को वापस झोले में डालने के लिए उठाने लगे तो वह उठी नहीं। उठना तो दूर की बात छोटे से पत्थर की मूर्ति हिल भी नहीं पा रही थी। मूर्ति को उठाने के लिए गुर्जर समाज के लोगों ने काफी प्रयास किए और नहीं उठने पर निराश होकर बैठ गए। इसके बाद अचानक आकाशवाणी हुई। स्वयं भैरू बाबा ने बताया कि उन्होने ब्रह्मा हत्या का प्रायश्चित करने के लिए पृथ्वी लोक की पदयात्रा इसी स्थान से शुरू की थी आज वही स्थान आ गया है और वे इसी स्थान पर निवास करना चाहते है। इसके बाद पुजारी परिवार के लोग यहीं रुक गए। भैरू बाबा की मूर्ति की स्थापना कर पूजा अर्चना करने लगे। दिन में तालाब के आसपास गायों को चराकर जीवन यापन करने लगे।

### पवित्र जोहड़ी में स्नान से मनोकामनाएं होती है पूरी

भैरुबाबा के धाम पर आने वाले श्रद्धालु पवित्र जोहड़ी में स्नान करके बाबा की पूजा अर्चना करते है। मान्यता है कि इस जोहड़ी में स्नान करने के बाद पूजा अर्चना करने से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती है। दिल्ली, यूपी, एमपी, हरियाण, पंजाब सहित देश के कोने कोने से लोग भैरूबाबा की पूजा अर्चना के लिए रींगस आते है।

### भैरवाष्टमी पर होंगे अनेक धार्मिक कार्यक्रम

भैरु बाबा धाम पर भैरव अष्टमी पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर पुजारी हरीश गुर्जर ने बताया कि मंदिर की विशेष सजावट के साथ ही बाबा की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार करके सजाया जाएगा। मंदिर में केक काटकर बाबा का जन्मदिन मनाया जाएगा। भक्तों की ओर से दीप प्रज्ज्वलित करके मंदिर में रंगोली सजाई जाएगी।

# पकड़ने में जिले का जाब्ता और पूछताछ में महज औपचारिकता

## तस्करी का जब बड़ा मामला था तो कड़ाई से पूछताछ ही करते


टक्कर मार कर भागने का प्रयास और कार को खरोंच नहीं आई!
आरोपी के साथ फोटो सेशन में जिला अधिकारी तक पहुंचे
वाहवाही लूटने के चक्कर में महकमे ने शायद लम्बी फेंक दी
[illegible]

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** शराब भरे जिस वाहन को पकड़ने के लिए आबकारी महकमे ने बड़ी गंभीरता दिखाई और पूरे जिले का जाब्ता लगा दिया उस मामले में गिरफ्तार आरोपी से शायद सख्त पूछताछ तक नहीं कर पाए। जब इतना ही भारी मामला था तो कड़ाई से पूछताछ होनी चाहिए थी, ताकि शराब तस्करी से सम्बंधित और राज खुल जाते। वैसे महकमे की ओर से जारी प्रेस नोट में ऐसा जरूर बताया गया है कि आरोपी से पूछताछ की जाएगी। इसमें दर्शाया है कि वाहन चालक से प्रकरण में जुड़े अन्य सम्मिलित व्यक्तियों के संबंध में अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा। लेकिन, गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के लिए रिमांड पर ही नहीं लिया गया तो अन्य आरोपियों की जानकारी किस तरह मिलेगी, यह कहना मुश्किल है।

### फोटो सेशन में जिला अधिकारी भी

शराब भरी कार पकड़ने के बाद बकायदा फोंटो सेशन तक करवाया गया। इसके लिए जिला आबकारी अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। रेवदर वृत्त कार्यालय में कार, बरामद शराब और आरोपी के साथ फोटो सेशन किया गया। इसमें कार्रवाई करने वाले सिरोही व रेवदर के वृत्त निरीक्षक व प्रहराधिकारी भी सम्मिलित हुए।

### नेटवर्क तोड़ने में सफल नहीं हो पा रहे

रेवदर-मंडार क्षेत्र गुजरात सीमा से सटा होने के कारण यह शराब तस्करों के लिए यह पसंदीदा मार्ग है, लेकिन अन्य राज्यों में बेचने के लिए निर्मित व राजस्थान में निर्मित शराब की जमकर तस्करी हो रही है। इसके बावजूद शराब तस्करी का नेटवर्क तोड़ने में महकमे को सफलता नहीं मिल पा रही। इस सम्बंध में जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन, सिरोही वृत्त निरीक्षक व रेवदर वृत्त निरीक्षक से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया पर किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया।

### कार पकड़ने में पूरा जिला लगाया

महकमे से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि रेवदर आबकारी निरीक्षक राकेश खत्री, सिरोही निरीक्षक आशीष शर्मा व रेवदर प्रहराधिकारी देवाराम चौधरी मय जाब्ता ने मुखबीर खास से मिली सूचना के आधार पर पीथापुरा-मोरवाड़ा आम रास्ते पर कार्रवाई की। अच्छी बात है, लेकिन एक कार पकड़ने में पूरे जिले के अधिकारी तैनात कर दिए गए यह सोचने वाली बात है। वैसे यह इलाका रेवदर क्षेत्र में और गुजरात सीमा पर ही है।

# विप्र फाउंडेशन ने कथा वाचक पंडित देवीचरण शर्मा का किया स्वागत

## गौशाला हेतु दो ट्रॉली घास दान की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** श्री राम मंदिर चारभुजा में चल रही भागवत कथा के दौरान विप्र फाउंडेशन रावतभाटा इकाई की ओर से कथा वाचक पंडित देवीचरण शर्मा (खेड़ली वाले) का स्वागत किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा उन्हें भगवान परशुराम जी की तस्वीर भेंट की गई तथा उपस्थित सदस्यों ने कथा श्रवण कर भक्ति रस का आनंद लिया। कथा वाचक की प्रेरणा से विप्र फाउंडेशन रावतभाटा ने गौशाला को दो ट्रॉली घास एवं ज्वार की कुट्टी भेंट करने की घोषणा की। इस अवसर पर कथा के जजमान मांगीलाल शर्मा का भी विप्र फाउंडेशन ने सनातन संस्कृति के प्रसार एवं धर्म के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव संतोष शर्मा, जिला अध्यक्ष के.के. दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला महामंत्री अनिल शर्मा, डॉ. ललित शर्मा, मुकुट बिहारी शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, कृष्ण हरि शर्मा, लक्ष्मीचंद शर्मा, राधेश्याम शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, रामेश्वर जोशी, हनुमान मिश्रा, पवन व्यास, राधेश्याम बोहरा, शिव कुमार, वीरेंद्र जोशी, प्रकाश श्रृंगी और शिवकुमार गौतम सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



# अश्विन ने जीता स्वर्ण पदक, महाविद्यालय में किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**रींगस ( नि.स. )।** कस्बे के भारती महाविद्यालय के खिलाड़ी अश्विन रूंडला ने निशानेबाजी राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर कस्बे व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य रामचंद्र बलौदा ने बताया कि ज्ञानीराम बंशीधर पोद्दार कॉलेज नवलगढ़, झुंझुनू में आयोजित हुई शेखावाटी विश्वविद्यालय अंडर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर खिलाड़ी अश्विन रुंडला ने निशानेबाजी राइफल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। पदक जीतकर महाविद्यालय लौटने पर शनिवार को संस्था निदेशक राधा कृष्ण रणवां, सह निदेशक ओमप्रकाश रणवां, प्राचार्य रामचंद्र बलौदा, दिलीप स्वामी, हरफूल सिंह रणवां, जगवीर सिंह गुर्जर सहित अनेक लोगों ने माला पहनकर स्वागत किया व मिठाई खिलाकर बधाई दी। खिलाड़ी अश्विन इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुका है।

# सेंट ग्रिगोरियस की लविशा डांगी का राष्ट्रीय वॉलीबॉल चेम्पियनशिप में चयन

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर की छात्रा लविशा डांगी (कक्षा दसवीं) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की शीर्ष-12 बालिकाओं में स्थान प्राप्त किया है। उनका चयन अन्डर-19 एस.जी.एफ.आई.स्कूल नेशनल वॉलीबॉल चेम्पियनशिप के लिए हुआ है, जो 13 से 17 नवम्बर 2025 तक मध्यप्रदेश में आयोजित होगी। खेल के प्रति लविशा की लगन, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प ने उन्हें इस उपलब्धि तक पहुँचाया है। उनके प्रदर्शन ने विद्यालय सहित पूरे राजस्थान को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रबंधक रेव. फादर वर्गीस थॉमस, प्रबंधन समिति के सदस्यगणों, प्राचार्या श्रीमती शुभा जोस, उप-प्राचार्य अनिल गोस्वामी तथा सभी शिक्षकों ने लविशा के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। विद्यालय परिवार ने लविशा को उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा कोच श्री सुरेश चंद्र भट्ट के कुशल मार्गदर्शन की सराहना की।

# माइंसों में अवैध खनन व ब्लास्ट से बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन

## सेलवाड़ा की मार्बल खदानों में नियम विरुद्ध खनन के आरोप
## खनन पट्टाधारकों पर आरोप और मूकदर्शक बन रहा विभाग

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेवदर तहसील के सेलवाड़ा क्षेत्र में चल रही मार्बल की खदानों में अवैध रूप से खनन करने एवं ब्लास्टिंग के आरोप लगाए गए हैं। खासकर तीन लीजधारकों पर अवैध खनन के आरोप हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी इनको बचाने की जद्दोजहद में मूकदर्शक बने हुए हैं। शायद यही कारण है कि शिकायतों के बावजूद न जो जांच हो रही है और लीज धारकों पर कार्रवाई। इस सम्बंध में जिला कलक्टर को शिकायत भेजी गई है, जिसमें तीन खनन पट्टा धारकों पर आरोप लगाया गया है। वहीं, सरकारी भूमि पर खनिज अपशिष्ट डाले जाने का भी आरोप है।

**नियमों का उल्लंघन कर रहे पट्टाधारक :** शिकायत में आरोप है कि सेलवाड़ा क्षेत्र में चल रही मार्बल की खदानों में अवैध ब्लास्टिंग व निर्धारित से बाहर क्षेत्र में खनन किया जा रहा है। ज्ञापन में खनन पट्टा धारक ओम माइंस एंड मिनरल्स, योगेश गुप्ता व सीमा अग्रवाल के खिलाफ नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। उधर, खदानों में अवैध खनन एवं नियम विरुद्ध तरीके से अपशिष्ट डाले जाने की अक्सर शिकायतें आ रही है, लेकिन खनिज विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

**सरकारी सम्पति को भी पहुंच रहा नुकसान:** जिला कलक्टर को भेजे ज्ञापन में स्पष्ट बताया गया है कि सेलवाड़ा में चल रही माइंसों में अवैध रूप से कार्य किया जा रहा है। निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर अवैध खनन एवं अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है।

# डीजे की धुन पर झूमता नजर आया कॉलेज कैम्पस

## फैकल्टी फैशन शो के तहत हुई लिबास नाइट व डीजे नाइट

### मेडिकल कॉलेज में गीत-संगीत के बीच परिधानों की सज-धज



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव सरगम के तहत विभिन्न कार्यक्रम हुए। अंतिम दिन लिबास नाइट व डीजे नाइट के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न परिधानों में सज-धजकर फैशन शो में भाग लिया। वहीं, छात्रों ने खेल, वाद-विवाद, फैशन शो और डीजे नाइट के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई।

आयोजन समिति के अनुसार लिबास नाइट फैशन शो में 2024 बैच की शानदार प्रस्तुति रही। इस बैच ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। फैकल्टी फैशन शो ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। डीजे नाइट में विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया। इसकी मेज़बानी डॉ.निहाल सिंह ने शानदार अंदाज़ में की। जोशीले संचालन और उत्साह ने छात्रों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डीजे की धुन पर कॉलेज कैम्पस झूमता नजर आया।

### प्रतियोगिताओं में ये रहे अव्वल

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्रवणकुमार मीणा ने छात्रों के उत्साह और अनुशासन की सराहना की। कहा कि प्रतियोगिताओं से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। इनमें सहभागिता से छात्रों में आत्मविश्वास और नेतृत्व की क्षमता बढ़ती है। कबड्डी के फाइनल में 2023 बैच ने जीत दर्ज की। बैडमिंटन प्रतियोगिता के गर्ल्स सिंगल में आयुषी गंगवार, बॉयज सिंगल में विशाल राजीव, बॉयज डबल्स में मुकेश व अमृत एवं गर्ल्स डबल्स में फराह व जिगिषा प्रथम रहे।

# सर्द हवा के बीच मानवीय संवेदनाओं की पहल

## आदिवासी क्षेत्र में जरूरतमंदों को कंबल व स्वेटर वितरित

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** सर्दी की दस्तक के साथ ही मानवीय संवेदना की पहल की गई है। सिरोही शहर के जागरूक नागरिकों के व्हाट्सएप समूह 'पहल' की ओर से आदिवासी क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों को गर्म वस्त्र व खात्र सामग्री वितरित की गई। पहल की इस मानवीय गर्माहट को ग्रामीणों ने करीब से महसूस किया। बच्चे और बुजुर्ग पहल की इस सौगात से खुश नजर आए। कार्यक्रम रविवार को पिण्डवाड़ा क्षेत्र के आदिवासी गांव मोरस, मालेरा व रामेश्वर महादेव मंदिर के समीप आयोजित किया गया। इस बार करीब 500 स्वेटर और 300 कंबल एवं बिस्कुट व खाद्य सामग्री वितरित की गई। ठंड से बचाव के इन प्रयासों से ग्रामीणों के चेहरों पर सुकून और मुस्कान झलक उठी। सामाजिक सेवा अभियान के तहत पुलिस अधिकारी सचिंद्र रतनू के नेतृत्व में संचालित इस ग्रुप से जुड़े सभी सदस्य इसमें अपना अंशदान करते हैं।



### वर्षभर चलते हैं ग्रुप के कार्यक्रम

आयोजन समिति के अनुसार सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्य वर्षभर किए जा रहे हैं। गर्मी में वन्यजीवों के लिए आहार व जल व्यवस्था की जाती है। जरूरतमंदों को भोजन, स्वच्छता कार्य, श्रमदान, रक्तदान, पौधरोपण, गोवंश सहायता, त्योहारों पर कच्ची बस्तियों में फल-मिष्ठान वितरण, राहगीरों के लिए शीतल जल व्यवस्था के कार्य किए जा रहे हैं।

### टीम भावना से डटे रहे ग्रुप सदस्य

कार्यक्रम को लेकर सदस्यों में उल्लास बना रहा। इस अवसर पर सदस्य राजेंद्रसिंह जाखोड़ा, लोकेश खंडेलवाल, हेमंत पुरोहित, हरदयालसिंह देवड़ा, सज्जनसिंह राजपुरोहित, महिपाल चारण, विनोद मालवीय, तगसिंह राजपुरोहित, कमलेश सोनी, अमजद खान, गणपत बिश्नोई, एएसआई महावीरसिंह देवड़ा, परबतसिंह राजपुरोहित, नारायण लोहार, जतिन पटेल, महादेव मराठा, लक्ष्मण माली, प्रदीप वैष्णव, मंछाराम सैन समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आईटीएफ 700 मस्टर्स टेनिस टुर्नामेन्ट में आईटी डॉ.दीपांकर व राजदत्त की जोड़ी रही रनर अप

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन द्वारा इन्दौर के इन्दौर टेनिस क्लब में आयोजित आईटीएफ 700 टेनिस टुर्नामेन्ट में 55 वर्ष आयु वर्ग में उदयपुर के दीपांकर चक्रवर्ती व दिल्ली के राजदत्त की जोड़ी को फाईनल में कड़े मुकाबले के बीच पवन कपूर व चन्द्रभूषण की जोड़ी ने पराजित किया। इस प्रदर्शन से दीपांकर चक्रवर्ती को 500 अंक प्राप्त हुए। इस प्रतियोगिता में भारत के अतिरिक्त फ्रांस, जर्मनी, मोरक्को, चीन, स्वीडन एवं कई अन्य देशों के खिलाडियों ने भाग लिया।



आईटीए द्वारा भारत में होने वाली मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता में यह आईटीएफ-700 सर्वोच्च ग्रेड प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता के पुरूस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि इन्दौर के पुलिस महानिरीक्षक अनुराग थे। अध्यक्षता भरतीय टेनिस संघ के सचिव अनिल धुप्पड़ ने की।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में लायन सफारी बनी आकर्षण का केन्द्र

## रविवार को उमड़ा सैलानियों का सैलाब, 2557 पर्यटकों ने किया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजधानी जयपुर स्थित नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुहावने मौसम और अवकाश के दिन का उत्साह सैलानियों को प्रकृति की गोद में खींच लाया। कुल 2 हजार 557 पर्यटकों ने उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया। सहायक वन संरक्षक श्री देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि लायन सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण बनी रही। इस दौरान 269 पर्यटकों ने लायन सफारी का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया और एशियाटिक लायन की चंचल अदाओं को देखकर उत्साहित हुए।



इन दिनों नाहरगढ़ जैविक उद्यान जयपुरवासियों और बाहरी पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण बना हुआ है। इसके साथ ही व्हाइट टाइगर भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। शहर के मध्य में हरियाली और वन्यजीवों का यह अनूठा संगम पर्यटकों को पारिवारिक सैर और रोमांच का शानदार अनुभव प्रदान कर रहा है। मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी. मोहनराज के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लायन सफारी गेट एवं बस ड्राइवरों को वायरलेस सेट उपलब्ध कराए गए हैं। डीसीएफ श्री विजयपाल सिंह एवं एसीएफ श्री देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने रविवार को स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पर्यटकों की सुरक्षा एवं वाहन सुविधा के कार्य में राजाराम मीणा, सोनू मीणा, कैलाश, सहायक वनपाल हंसा देवी, सरिता चौधरी, उमेश वशिष्ठ, निर्मला देवी और भंवर सिंह आगला ने उत्कृष्ट योगदान दिया।

## शहर के वार्ड 30 में आवारा कुत्तों का आतंक, नगरपरिषद पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** शहर के वार्ड नंबर 30, मोहल्ला बड़ावास डूगा वाला हनुमान मंदिर के पीछे इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक फैल गया है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में कुत्तों के झुंड के कारण स्थानीय निवासियों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दैनिक घटनाएं- लोगों का कहना है कि रोजाना कुत्तों के झुंड के पीछे भागने या काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे हर वक्त अनहोनी का डर बना रहता है। प्रशासन पर सवाल- स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगरपरिषद की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों की मांग-नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ही आवारा कुत्तों को पकडऩे और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों ने सवाल उठाया है कि नगरपरिषद किसी अनहोनी का इंतजार तो नहीं कर रही।



## निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम दांतिल श्री श्री 108 श्री मोटाराम महाराज जी (मोटा राम मंदिर) दांतिल के कर कमलों द्वारा नि शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया । निम्स अस्पताल,जयपुर व एमएसडी एनजीओ (माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति) पावटा के संयुक्त तत्वाधान में व शिविर आयोजक कन्हैया मेडिकल स्टोर (ताराचंद जांगिड़) एवं अधाना क्लीनिक संतलाल अधाना,सामाजिक कार्यकर्ता ) स्थान कन्हैया मेडिकल स्टोर, पशु चिकित्सालय के पास, मैन बस स्टैंड, दांतिल शिविर दिनांक 12 नवंबर 2025, वार बुधवार समय प्रात: काल 11.00 बजे से 3.00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है शिविर में निम्न विशेषज्ञ सेवाएं देंगे जनरल मेडिसिन, सर्जन, नाक कान गला, हड्डी रोग, नेत्र रोग,स्किन एलर्जी रोग के विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे एमएसडी एनजीओ पावटा संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि एनजीओ के माध्यम से आमजन को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके इसलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नि शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किए जाएंगे।इस शुभ अवसर पर ताराचंद जांगिड़ सामाजिक कार्यकर्ता संतलाल अधाना राजू डेलीगेट रामकुमार खटाना अशोक सांखला युवा नेता श्रीराम सैनी नरसी राम कमांडो मुंशीराम सैनी राहुल सैनी सज्जन सिंह शेखावत लकी लाइब्रेरी एवं एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहे।




## भारी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के मकानों में आ रही दरारें

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम कुजोता में अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा की जा रही भारी ब्लास्टिंग की वजह से ग्रामीणों के मकानों में दरारें आ गई हैं, जिससे मकानों के गिरने एवं जान-माल का संकट बना हुआ हैं। वहीं ग्रामीण इतने डरे हुये हैं कि मकानों से निकलकर बाहर जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि कम्पनी द्वारा की जा रही भारी ब्लास्टिंग से मकानों में अनेक दरारें आ गई हैं एवं मकानों के कभी भी गिरने की सम्भावना के चलते घरों में रहना मुष्किल हो रहा हैं एवं बड़ी जनहानि की सम्भावना बनी हुई हैं। वहीं सर्दी के मौसम में भी ग्रामीण डर की वजह से घरों से बाहर बैठे हुये हैं। ग्रामीण हंसराज योगी ने बताया कि कोई भी ग्रामीणों की समस्यायें सुनने को तैयार नहीं हैं, ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं प्रषासन को भी अवगत करवाया जा चुका हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई हैं।



## कैनवी प्रीमियर कबड्डी लीग सीजन 2 का भव्य शुभारंभ जयपुर में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में कैनवी प्रीमियर कबड्डी लीग (सीपीकेएल) सीजन 2 का भव्य शुभारंभ समारोह बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीजन 2 की ग्रैंड ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इसके अलावा आठ टीमों एमपी टाइटंस, हरियाणा हीरोज, गुजरात ग्लेडीयेटरस, धाकड़ दिल्ली, मुंबई मोनाक्रस, राजस्थान रेबल्स, कोलकाता किंग्स, और दबंग यूपी का औपचारिक परिचय कराया गया।




### भगवान बिरसा मुण्डा की150वीं जयंती पर कार्यक्रम

# जनजातीय गौरव दिवस पर राजीविका के सहयोग से वन धन विकास केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) के सहयोग से बांसवाडा, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, सिरोही, उदयपुर जिलों में स्थापित वन धन विकास केन्द्रों पर भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । कार्यक्रम स्थलों पर जनजातीय संस्कृति, परंपरा और महिला सशक्तिकरण का अद्भुत संगम देखने को मिला । इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष, समाज सेवा एवं आदिवासी अधिकारों के प्रति उनके योगदान की कहानियां सदस्यों को सुनाई गयी बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, समर्पण और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उनके आदर्शों से हमें समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोडऩे की प्रेरणा मिलती है। विभिन्न कार्यक्रमों में रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना को प्रोत्साहन मिला ।



### वन धन उत्पादों की प्रदर्शनी बनी मुख्य आकर्षण

कार्यक्रम के अंतर्गत वन धन विकास केंद्र द्वारा निर्मित हस्तशिल्प एवं प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल, पलाश साबुन, कंकोड़ा अचार, मुख़वास, शहद, धावड़ी गोंद, मल्कांगनी तेल, मोरिंगा पाउडर, नीम-हल्दी-चंदन-एलोवेरा साबुन, जूट बैग आदि उत्पादों का प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शनी का उद्देश्य महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार से जोडऩा, स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग को बढ़ावा देना तथा महिलाओं की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना रहा।

### महिलाओं को समूह से जुडऩे का संदेश

राजीविका टीम द्वारा कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह से जुडऩे के लाभों की जानकारी दी गई और वंचित महिलाओं को समूह से जुडक़र आर्थिक एवं सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 547 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया तथा 5730 महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया। वन धन विकास केंद्र वाले राज्य के 7 जिलों (बांसवाडा, डूंगरपुर, कोटा, झालावाड़, प्रतापगढ़, सिरोही एवं उदयपुर) के 437 वन धन विकास केन्द्रों पर जागरुकता शिविरों का आयोजन किया गया है ।

### ग्रामीण आजीविका के सतत विकास पर होगा मंथन

# उदयपुर में 11 से 13 नवम्बर तक नेशनल वर्कशॉप ऑन एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेनेयुरशिप का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका), ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल वर्कशॉप ऑन एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेनेयुरशिप का आयोजन 11 से 13 नवम्बर 2025 तक उदयपुर में किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग एवं श्री ओटाराम देवासी, माननीय राज्य मंत्री करेंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारीगण, सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य मिशन निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, वित्तीय संस्थानों, विभिन्न शैक्षणिक एवं विकास संस्थानों के प्रतिनिधि, तथा राजीविका से जुड़े अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ भाग लेंगी। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय कार्यशाला में ग्रामीण आजीविका के सतत विकास के लिए कृषि एवं पशुधन उद्यमिता को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कृषि एवं पशुधन आधारित उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के लिए टिकाऊ आजीविका अवसरों का विस्तार तथा विभिन्न राज्यों और संस्थाओं के बीच ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना। कार्यशाला के दौरान उद्यमिता मॉडल, नवाचार, मूल्य श्रृंखला विकास, वित्तीय समावेशन एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। यह आयोजन न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में आत्मनिर्भरता की नई राह भी प्रशस्त करेगा।

## उत्साह के साथ धूमधाम से निकाली कलश शोभा यात्रा, एकता और सौहार्द का दिया सन्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के बर्डोद कस्बे के रेवाड़ी रोड पक्के तालाब के पास स्थित प्राचीन दुर्गा माता के मन्दिर पर माता दुर्गा, शिव परिवार, व रामदरबार की नव निर्मित मूर्तियों की स्थापना के उपलक्ष्य में मन्दिर कमेटी व ग्रामीणों के सँयुक्त तत्वावधान मन्दिर पर पांच दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव कार्यक्रम में रविवार को सुबह मन्दिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरुण देव की विशेष पूजा अर्चना कर, श्रद्धालु महिलाओं ने 211 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा डीजे पर संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियों पर उत्साह के साथ नृत्य करते, थिरकते हुए निकाली। साथ ही मनमोहक झांकियां निकाली गई जिसमें अनुभवी कलाकारों ने शिव शक्ति, अघोरी संतो का के अभिनय का बेहतर प्रदर्शन किया। जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कलश यात्रा मन्दिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर, कस्बे की मुख्य चौपाल भैरुजाट मन्दिर, घण्टाघर, चाँदनी चौक, बस स्टैंड से होकर पुनः मन्दिर स्थल पर सम्पन्न हुई। साथ ही माता दुर्गा, शिव परिवार, व रामदरबार को फूल मालाओं से सजाकर नगर भृमण कराया गया। महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया था। मन्दिर के संरक्षक गौरी शंकर सोनी के पौत्र पारस ने बताया कि रात्रि को धार्मिक भजन गायक कलाकारों द्वारा माता की महिमाओं का गुणगान किया जाएगा। सोमवार को सुबह हवन यज्ञ, व परसादी का भोग लगा, भंडारा होगा। इस मौके बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मुकेश अंबानी ने नाथद्वारा में 'यात्री एवं वरिष्ठ सेवा सदन' प्रोजेक्ट की घोषणा की, 15 करोड़ का दान भी दिया

- 50 करोड़ की लागत से बनेगा सेवा सदन, अगले तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है
- सेवा सदन में 100 से अधिक कमरे होंगे
- अनंत अंबानी परियोजना से सीधे जुड़े हैं



बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा(नि.स.)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने हिंदुओं के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा में एक आधुनिक यात्री एवं वरिष्ठ सेवा सदन बनाने की घोषणा की है। उन्होंने श्रीनाथजी मंदिर में 15 करोड़ का दान भी दिया। अंबानी ने श्रीनाथजी भोग-आरती दर्शन किए और पूज्य गुरु विशाल बावा साहेब से आशीर्वाद लिया। यह नया सेवा सदन तीर्थयात्रियों और वरिष्ठ वैष्णव भक्तों के लिए समर्पित होगा। इसमें 100 से अधिक कमरे होंगे, जहां सुरक्षित और सम्मानजनक आवास की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही 24 घंटे की मेडिकल यूनिट, नर्सिंग और फिजियोथेरेपी सेवाएं, सत्संग एवं प्रवचन हॉल, और पुष्टिमार्ग की थाल-प्रसाद परंपरा पर आधारित भोजन व्यवस्था भी होगी। अंबानी ने इस विशेष अवसर पर कहा, हमें गर्व होना चाहिए कि हम वैष्णव हैं। सनातन धर्म और आचार्य परंपरा के अनुयायी हैं। परियोजना से मुकेश अंबानी के छोटे पुत्र अनंत अंबानी सीधे जुड़े हैं। परियोजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नाथद्वारा आने वाला हर भक्त सेवा, सम्मान और भक्ति से भरे वातावरण में ठहर सके। करीब 50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह सेवा सदन अगले तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। मुकेश अंबानी ने केरल के त्रिशूर जिले में स्थित गुरुवायुर मंदिर में दर्शन कर 15 करोड़ रु का दान दिया। साथ ही आंध्र प्रदेश में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में भी अंबानी ने भगवान श्री वेंकटेश्वर के दर्शन किए।

## जिला स्तरीय यूनिटी मार्च का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिले में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय यूनिटी मार्च का आयोजन सोमवार 10 नवम्बर को किया जायेगा। इस मौके पर सोमवार प्रात: 10 बजे कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के खेल मैदान से यूनिटी मार्च को रवाना किया जायेगा, जो महाविधालय के खेल मैदान से प्रारम्भ होकर मुख्य चौराहा से नगर परिषद तिराहा होते हुये राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय के ग्राउण्ड में पहुंचकर समाप्त होगी। पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक हंसराज पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल द्वारा यूनिटी मार्च को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत समिति मालपुरा, जिला-टोंक

क्रमांक : पसमा/लेखा/2025-26/ दिनांक : 08-11-2025

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ 12 ग्राम पंचायतों के समस्त क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर-घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी कार्यालयों से कचरा संग्रहण, पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली, नाले की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई एवं मृत पशु निस्तारण कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक निविदादाताओं /संवेदकों / सेवाप्रदाताओं से दिनांक 08.11.2025 को प्रात: 10 बजे से 18.11.2025 को सायं 6.00 बजे तक ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in अथवा संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखा जा सकता हैं।

| ग्राम पंचायत का नाम | NIB Code / UBN Code |
|---|---|
| आंटोली | NIB code ZTN2526A0696 UBN Code ZTN2526WSOB00796 |
| तिलांजू | NIB code ZTN2526A0697 UBN Code ZTN2526WSOB00797 |
| इन्दोली | NIB code ZTN2526A0698 UBN Code ZTN2526WSOB00798 |
| धौली | NIB code ZTN2526A0699 UBN Code ZTN2526WSOB00799 |
| नगर | NIB code ZTN2526A0700 UBN Code ZTN2526WSOB00800 |
| कलमण्डा | NIB code ZTN2526A0701 UBN Code ZTN2526WSOB00801 |
| सीतारामपुरा | NIB code ZTN2526A0702 UBN Code ZTN2526WSOB00802 |
| कचौलिया | NIB code ZTN2526A0703 UBN Code ZTN2526WSOB00803 |
| चैनपुरा | NIB code ZTN2526A0704 UBN Code ZTN2526WSOB00804 |
| बागड़ी | NIB code ZTN2526A0705 UBN Code ZTN2526WSOB00805 |
| मोरला | NIB code ZTN2526A0706 UBN Code ZTN2526WSOB00806 |
| पारली | NIB code ZTN2526A0707 UBN Code ZTN2526WSOB00807 |

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, मालपुरा


### डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया विधानसभा क्षेत्रों का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के तहत 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य किया जा रहा है। जयपुर में विगत 6 दिनों दिनों में 19 लाख 22 हजार 786 परिगणना परिपत्रों का वितरण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी जिले में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने रविवार को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में परिपत्र गणना वितरण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के जोबनेर, कालवाड़, माचवा और फुलेरा विधानसभा के सुरसिंहपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जारी परिगणना परिपत्र वितरण एवं मैपिंग कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों से फीडबैक लिया। साथ ही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना प्रपत्र भरने में बीएलओ का सहयोग कर सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं संबंधित जानकारी यथासंभव उपलब्ध कराएं ताकि उनकी मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर रविवार को जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों ने अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किये एवं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जारी परिगणना परिपत्र वितरण एवं मैपिंग कार्य की प्रगति जांची।



## सम्पादकीय

# ‘सरकार बदलना’ अपराध नहीं

यह कैसा न्याय और लोकतंत्र है? राजधानी दिल्ली में 2020 में दंगे हुए थे। उसके पांच आरोपितों में उमर खालिद, शरजील इमाम और तीन अन्य हैं, जो ‘राक्षसी कानून’ यूएपीए के तहत जेल में हैं। जेल के 5 साल बेहद लंबे और कष्टकारक होते हैं। यूएपीए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का एक बेहद कड़ा और पेचीदा कानून है। टाडा और पोटा को समाप्त कर यूएपीए बनाया गया था। इन 5 लंबे सालों में दिल्ली पुलिस कैद नौजवानों को न तो आतंकवादी और न ही दंगई साबित कर पाई है। अदालत में आरोप तक तय नहीं हो पाए हैं। दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च अदालत में हलफनामा दाखिल कर इन नौजवान आरोपितों की जमानत का भी विरोध किया है। तर्क दिया गया है कि उन्होंने देश की सरकार बदलने की साजिश रची थी। कमोबेश अदालत के जरिए यह भी देश के सामने आना चाहिए था कि इन नौजवानों ने किस संगठन या आतंकियों के साथ साजिश रची थी? बेहद गंभीर सवाल है कि क्या लोकतंत्र में सरकार बदलना कोई ‘अपराध’ है अथवा यह ‘अवैध’ कवायद है? पांच साल काफी लंबा वक्त है। यूएपीए के प्रावधान बेहद कड़े हैं और उनमें जमानत मिलना लगभग असंभव है। यदि इन नौजवानों को, सजायाफ्ता घोषित हुए बिना ही, निरंतर जेल में रखना है, तो फिर मौलिक अधिकार, संविधान, लोकतंत्र की बातें करना या दावे करना फिजूल है। यदि पांच साल जेल काटने के बाद वे बेकसूर साबित हुए, तो इस सजा का हर्जाना कौन भरेगा? देश में ऐसा कोई ठोस कानून नहीं है, जो ऐसी स्थिति में दोषी व्यक्ति या सरकार तय कर सके। सर्वोच्च अदालत ही कई मौकों पर टिप्पणी कर चुकी है कि एक आरोपित को लंबे वक्त तक, महज आरोपों के आधार पर ही, जेल में कैद रखना भी ‘अवैध’ है। फिर ये शिक्षित नौजवान जमानत पाने से वंचित क्यों हैं? चूंकि वे मुसलमान हैं, लिहाजा आतंकी या दंगई भी होंगे, यह कोई मानदंड नहीं है। वे जेल में बंद रहेंगे, सिर्फ यूएपीए के प्रावधानों के कारणज्! दुर्भाग्य और विडंबना है। ऐसा कानून देश के नागरिक से बड़ा और महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। इसे संशोधित किया जाना चाहिए। बहरहाल लोकतंत्र में सरकार बदलना अथवा एक समानांतर जनमत तैयार करना कोई संवैधानिक गुनाह नहीं है। सरकार के साथ संसद सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। ‘एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स’ के मुताबिक, करीब 46 फीसदी, यानी 251, सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन वे जेल के बजाय संसद में मौजूद हैं और देश के लिए कानून बना रहे हैं। उनमें से 170 सांसद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ बलात्कार, हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, फिरौती और महिला संबंधी गंभीर अपराध दर्ज हैं, अदालत में तारीखें पड़ रही हैं, लेकिन उन्हें तो साल-दर-साल जेल की सजा नहीं सुनाई गई! यह कैसा लोकतंत्र है? क्या देश में दोगली न्यायिक व्यवस्था है? इन पांच सालों में कमोबेश यह ही स्पष्ट कर दिया गया होता कि इन नौजवानों के अपराध क्या हैं? उनकी पढ़ाई बर्बाद हो रही है, करियर नष्ट हो रहा है, ऐसे नौजवानों को देश की ताकत बनाया जाना चाहिए था। देश में ऐसा कौन-सा राज्य या शहर है, जहां भयावह दंगे नहीं हुए, पत्थर, लाठी-डंडे-तलवार नहीं चले, आगजनी नहीं की गई, सांप्रदायिकता का जहर नहीं फैलाया गया! भारत तो मानसिक तौर पर ही दंगों का देश है। हमारा सरोकार सिर्फ इतना है कि सरकार बदलना कोई अपराध नहीं है और वह भी यूएपीए के तहतज्! संसद में विपक्षी सांसद सवाल पूछते हैं, कामरोको प्रस्ताव दिए जाते हैं, सरकार के प्रति अविश्वास जताने वाले नोटिस दिए जाते हैं, लोकतंत्र में पूरी राजनीति और मुखालफत सरकार बदलने के मद्देनजर ही की जाती रही है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 10 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1885 - गोटलिएब डेमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की।
- 1950 - अमेरिका के लेखक विलियम फॉकनर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया गया।
- 1951 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 96 को स्वीकार किया।
- 1970 - फ्रांस के भूतपूर्व राष्ट्रपति चार्ल्स द गॉल का देहांत।
- 1983 - बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 की शुरूआत की।
- 1989 - जर्मनी में बर्लिन की दीवार को गिराने का कार्य शुरू।
- 1994 - पुलिस ने श्रीयंत्र टापू (श्रीनगर) टापू में पहुँचकर अपना कहर बरपाया।
- 1995 - न्यूजीलैंड के आकलैंड में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
- 1997 - चीन-रूस घोषणा पत्र से दोनों देशों के बीच सीमांकन विवाद समाप्त।
- 2000 - गंगा-मेकांग सम्पर्क परियोजना का कार्य प्रारम्भ।
- 2001 - भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया।
- 2002 - आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से पहला एशेज टेस्ट जीता।
- 2004 - झेंगझोऊ चीन का आठवाँ सबसे पुराना शहर घोषित।
- 2005 - चीन के विरोध को अस्वीकार करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की। जार्डन के तीन होटलों में विस्फोट में 57 लोगों की मृत्यु।
- 2006 - कोलम्बो में श्रीलंका के तमिल राजनेता नाडाराजाह रविराज की हत्या कर दी गई।
- 2007 - एक ब्रिटिश अपीलीय कोर्ट ने ब्रिटिश सरकार को भारतीय डॉक्टरों के साथ यूरोपीय संघ के डॉक्टरों के समान बर्ताव करने का आदेश दिया।
- 2008 - भारत-कतर सम्बन्धों को रणनीतिक गहराई देते हुए दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किये। भारत ने आस्ट्रेलिया को हराकर 2-0 से बार्डर-गावस्कर ट्राफी जीती।

## विशेष आलेख

# वंदे मातरम राष्ट्रवाद की आध्यात्मिक प्रेरणा



डॉ सत्यवान सौरभ

वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं था, बल्कि यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्र की आत्मा का स्वर बन गया। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत उनकी प्रसिद्ध कृति आनंदमठ (1882) में शामिल किया गया था। इसमें भारत माता को एक देवी के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने औपनिवेशिक दमन से त्रस्त भारतीय जनमानस को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधा। इस गीत ने न केवल भावनात्मक स्तर पर भारतीयों को जोड़ा बल्कि स्वतंत्रता की मांग को एक नैतिक और धार्मिक अधिकार के रूप में स्थापित किया। यह वह समय था जब भारत अंग्रेज़ी शासन के अधीन था, और समाज निराशा, विभाजन तथा अधीनता की मानसिकता में जी रहा था। ऐसे में वंदे मातरम ने भारतवासियों के भीतर दबी हुई स्वाभिमान की चिंगारी को प्रज्वलित किया। इस गीत की पहली दो पंक्तियाँ— सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम् शस्यश्यामलाम् मातरम भारत की भौगोलिक सुंदरता और समृद्धि का वर्णन करती हैं। यहाँ भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी माँ के रूप में चित्रित की गई है जो अपने बच्चों को जल, अन्न और जीवन देती है। यह भावनात्मक रूपक उस समय के लोगों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी था। भारतीय समाज के लिए मातृत्व का भाव सबसे पवित्र था, और जब देश को ‘मां’ के रूप में देखा गया, तो देशभक्ति स्वाभाविक रूप से ‘भक्ति’ का रूप ले ली। यह भाव ही वंदे मातरम को एक साधारण गीत से एक आध्यात्मिक आंदोलन में परिवर्तित करता है। भारत में उस समय राजनीतिक चेतना का आरंभ हो रहा था, परंतु उसमें जनसामान्य की भागीदारी सीमित थी। शिक्षित वर्ग में राष्ट्रवाद के बीज अंकुरित हो रहे थे, लेकिन उनमें भावनात्मक ऊर्जा का अभाव था। वंदे मातरम ने इस रिक्तता को भरा। इसने राष्ट्रवाद को केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप दिया। यह गीत गाया गया तो लोगों ने पहली बार अनुभव किया कि वे किसी बाहरी सत्ता के अधीन नहीं, बल्कि अपनी ही मातृभूमि के संतान हैं, जिन्हें स्वतंत्र रहने का जन्मसिद्ध अधिकार है। 1905 में जब ब्रिटिश सरकार ने बंगाल का विभाजन किया, तब वंदे मातरम बंग-भंग आंदोलन का मुख्य नारा बन गया। विद्यार्थी, महिलाएँ, व्यापारी, किसान—सबके होंठों पर यही शब्द गूंजने लगे। रैलियों, सभाओं और जुलूसों में जब यह गीत सामूहिक रूप से गाया जाता था, तो लोगों के भीतर अजेय शक्ति का संचार होता था। अंग्रेज़ सरकार को यह गीत इतना खतरनाक लगा कि उसने इसे सार्वजनिक रूप से गाने पर प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद यह गीत और भी लोकप्रिय होता गया। स्कूलों, कॉलेजों और मंदिरों में गुप्त रूप से वंदे मातरम गाया जाने लगा। यह गीत प्रतिरोध, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक बन चुका था। भारत जैसे विविधता भरे देश में जहां भाषा, धर्म और जाति के आधार पर समाज बँटा हुआ था, वहाँ वंदे मातरम ने सबको एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। इस गीत ने सभी वर्गों को एक साझा सांस्कृतिक प्रतीक दिया—‘मां’। चाहे बंगाल हो, पंजाब, गुजरात या तमिलनाडु—हर प्रदेश ने इस गीत में अपनी मातृभूमि की छवि देखी। इसने राष्ट्रीय एकता की नींव रखी, जो आगे चलकर स्वतंत्रता संग्राम का सबसे बड़ा आधार बनी। वंदे मातरम के माध्यम से भारतीय राष्ट्रवाद को एक नई भाषा और अभिव्यक्ति मिली। इसने राजनीतिक संघर्ष को धार्मिक उत्सव का रूप दे दिया। यह केवल विदेशी शासन के विरोध का प्रतीक नहीं था, बल्कि अपने भीतर के आत्मसम्मान को पहचानने का आह्वान भी था। इस गीत ने भारतीय समाज को यह बोध कराया कि पराधीनता केवल बाहरी शासन की नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी की भी जंजीर है। जब लोग मातृभूमि को देवी के रूप में पूजने लगे, तब स्वतंत्रता केवल राजनीतिक लक्ष्य नहीं रही, बल्कि यह एक आध्यात्मिक कर्तव्य बन गई। इस गीत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के कई महान नेताओं को गहराई से प्रभावित किया। श्री अरविंदो घोष ने कहा था कि वंदे मातरम् वह मंत्र है जो हमें स्वराज्य की प्राप्ति तक ले जाएगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इसे अपने इंडियन नेशनल आर्मी का राष्ट्रीय गीत बनाया। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी जब जेल में जाते या फाँसी का सामना करते, तो उनके होंठों पर वंदे मातरम होता। इसने युवाओं के भीतर बलिदान और वीरता की भावना को प्रबल किया। सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह गीत भारतीय पुनर्जागरण का प्रतीक बना। उस समय रवींद्रनाथ ठाकुर, अबनिंद्रनाथ ठाकुर, नंदलाल बोस जैसे कलाकार और लेखक भारतीय पहचान को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। वंदे मातरम ने उन्हें एक साझा प्रेरणा दी। भारतीय चित्रकला, नाट्यकला, संगीत और साहित्य में मातृभूमि का रूपांकन इसी गीत से प्रभावित हुआ। यह वह काल था जब भारतीय संस्कृति अपने खोए गौरव को पुनः खोजने में लगी थी और वंदे मातरम उसका सबसे प्रभावशाली प्रतीक बना। ब्रिटिश शासन के लिए यह गीत विद्रोह का प्रतीक था। अंग्रेज़ इसे धार्मिक विभाजन के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करते रहे, परंतु भारतीयों के लिए यह गीत किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत का प्रतीक था। इसमें हिन्दू देवी-देवताओं के रूपक अवश्य थे, परंतु उसका उद्देश्य किसी धर्म को श्रेष्ठ बताना नहीं, बल्कि मातृभूमि को पवित्रता के स्तर पर प्रतिष्ठित करना था। यह गीत उस समय के सामाजिक-सांस्कृतिक मानस में राष्ट्र की नई परिभाषा गढ़ रहा था—एक ऐसी परिभाषा जिसमें धर्म से ऊपर देशभक्ति थी। वंदे मातरम् की शक्ति उसकी सरलता और भावनात्मक गहराई में निहित थी। इसकी प्रत्येक पंक्ति भारत के सौंदर्य और गरिमा का बखान करती है। त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी जैसी पंक्ति ने यह संकेत दिया कि भारत की भूमि केवल कोमल नहीं, बल्कि शक्तिशाली भी है—जो अपने बच्चों की रक्षा करने में सक्षम है। इसने भारतीय नारी शक्ति और राष्ट्रशक्ति दोनों को एक रूप में देखने की प्रेरणा दी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जब भी आंदोलन कमजोर पड़ता, वंदे मातरम की गूंज लोगों में फिर से ऊर्जा भर देती। यह गीत लोगों के दिलों में इतना गहराई से बस गया कि यह स्वतंत्रता की प्रतीक ध्वनि बन गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों में इसे गाना परंपरा बन गई।

# विज्ञान कोई मंजिल नहीं, यह यात्रा है

*यूनेस्को ने इस दिवस की शुरुआत 2001 में की थी और इसका नाम रखा था शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस। इस नाम में ही एक संदेश छिपा है: विज्ञान न किसी देश का गुलाम है, न किसी धर्म का विरोधी।*



प्रो. आरके जैन

एक अंधेरी रात में, सदियों पहले, कोई इंसान आकाश की ओर देखता है और मन में सवाल उठता है -ये तारे क्यों टिमटिमाते हैं? ये ग्रह क्यों घूमते हैं? यही सवाल गैलीलियो को दूरबीन थामने के लिए प्रेरित करता है, न्यूटन को सेब गिरते देखने के लिए मजबूर करता है, और आज हम मंगल पर मानव बस्तियाँ बसाने का सपना देख रहे हैं। विज्ञान केवल किताबों या डिग्रियों तक सीमित नहीं है - यह वह अंतहीन जिज्ञासा है, जो इंसान को इंसान बनाती है। हर साल 10 नवंबर को जब हम विश्व विज्ञान दिवस मनाते हैं, हम उस अविचलित जिज्ञासा को नमन करते हैं, जो अज्ञानता के अंधकार से प्रकाश की ओर हमारी राह खोलती है और हमारी सोच की सीमाओं को पीछे छोड़ देती है। यूनेस्को ने इस दिवस की शुरुआत 2001 में की थी और इसका नाम रखा था शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस। इस नाम में ही एक संदेश छिपा है: विज्ञान न किसी देश का गुलाम है, न किसी धर्म का विरोधी। जब दुनिया परमाणु बम की धमकियों से कांप रही थी, उसी समय विज्ञान ने इंसुलिन खोजकर मधुमेह से पीडि़त लोगों को जीवन दिया, पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंका, और इंटरनेट जैसी क्रांति से ज्ञान की सीमाओं को तोड़ा। विज्ञान ने हमेशा यह साबित किया है कि उसके हाथों में शक्ति है - विनाश की भी, रचना की भी। दिशा तय करना हमारा काम है। आज जलवायु संकट, वैश्विक महामारी या अंतरिक्ष में नई दुनिया की खोज - हर चुनौती में विज्ञान सबसे आगे खड़ा है, हमारा मार्गदर्शन करता है और मानवता को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाता है। भारत की मिट्टी में विज्ञान की जड़ें गहरी हैं। हजारों साल पहले, जब आर्यभट्ट ने पृथ्वी के घूमने की बात कही, लोग हँसे। आज, हम चंद्रयान-3 के जरिए चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज कर रहे हैं। कोविड के सबसे कठिन दिनों में, जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए तरस रही थी, भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन विकसित कर एक अरब से ज्यादा डोज़ दुनिया को दीं। इसरो का बजट तो किसी हॉलीवुड फिल्म से भी कम है, फिर भी उसने 104 सैटेलाइट्स एक साथ लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह कमाल पैसों का नहीं, जुनून का है। और यही जुनून आज के छोटे वैज्ञानिकों में भी दिखता है - राजस्थान की एक लडक़ी जो सौर ऊर्जा से पानी शुद्ध करती है, बिहार का एक लडक़ा जो पुराने फोन से वेंटिलेटर बनाता है। ये बच्चे कल के वैज्ञानिक नहीं, आज के हीरो हैं। लेकिन रास्ते में काँटे भी हैं। अंधविश्वास आज भी सिर ऊँचा किए घूम रहा है। वैक्सीन को लेकर फैल रही अफवाहें, जलवायु परिवर्तन को झुठलाने वाले, ज्योतिष को विज्ञान बताने वाले - ये सभी विज्ञान के असली विरोधी हैं। विज्ञान सवाल करता है, जवाब माँगता है। और जो सवाल से डरते हैं, वे विज्ञान से डरते हैं। हमें चाहिए: स्कूलों में प्रयोगशालाएँ, गाँवों में इंटरनेट, और सबसे ज्यादा - ऐसा माहौल जहाँ सवाल पूछने पर डाँट न हो, बल्कि तारीफ हो। सपना देखिए: दस साल बाद का भारत। हर गाँव में सौर ऊर्जा, हर खेत में ड्रोन, हर बच्चे के हाथ में टैबलेट और दिमाग में सवाल।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

**एक और महाभारत :** वो पांच भाई थे। मझले का नाम भीमा था। दंगे और दंगल दोनो का ही उस्ताद। घर में फाँकें लेकिन पहलवानी का इतना जुनून कि घर का आधा राशन खुद ही निपटा दे। भाई अपने हिस्से का राशन खाने की शिकायत करते तो कहता देखना एक दिन इस सारे राशन की कीमत अदा कर दूंगा और यही पहलवानी एक दिन हम सबको मालामाल कर देगी। सब ही उसकी बात पर हँस देते। एक दिन उसे पता चला कि पास के गांव के मुखिया ने एक दंगल रखा है। भीमा चारो भाइयों को लेकर दंगल पहुँच गया। वहाँ जाकर पता चला कि मुखिया खुद पहलवानी करता था। आज उसने घोषणा की है कि जो भी



पहलवान दंगल का विजेता होगा उससे अपनी अत्यंत गुणवान और रूपवान पुत्री की शादी कर देगा। चार-छह घण्टे तक चले दंगल में आखिर भीमा जीत ही गया। पांचों भाई खुशी से उछल रहे थे। मुखिया ने वादे के मुताबिक बेटी का हाथ भीमा के हाथ में थमा दिया। साथ ही धन इत्यादि के साथ विदा किया। भीमा खुशी-खुशी भाइयों के साथ घर की तरफ चल पड़ा। घर पहुंचा तो दरवाजे से ही आवाज लगाई- माँ, माँ देखो आज मैं दंगल में क्या जीत कर लाया हूँ? माँ ने बिना देखे कहा-जो भी लाये हो आपस में बाँट लो। भीमा या उसके भाई कुछ कहते उससे पहले ही मुखिया की बेटी कह उठी-माँ जी, मैं द्रौपदी नहीं हूं। मुझे बंटवाकर एक और महाभारत रचाने का इरादा है क्या? भीमा के भाइयों के चेहरे पर आई खुशी पलभर में गायब हो चुकी थी।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में साइनस की समस्या से छुटकारा पाने के लिए रोज करें ये योगासन, चुटकियों में मिलेगा आराम

सर्दियों के मौसम का कई लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं, कुछ लोगों के लिए यह मौसम कई तरह की परेशानियां भी लेकर आता है। सर्दियों के मौसम में खांसी-जुकाम, बुखार, गले में खराश और जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं होना आम बात है। इसके अलावा, सर्दियों में साइनस के मरीजों की परेशानी भी काफी ज्यादा बढ़ जाती है। दरअसल, साइनस श्वसन तंत्र से जुड़ी एक समस्या है, जो एलर्जी, बैक्टीरियल या अधिक ठंड के कारण हो सकती है। नाक बंद होना, सिरदर्द, बलगम, नाक से पानी गिरना और



सांस लेने में तकलीफ इसके कुछ आम लक्षण हैं। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो यह अस्थमा का भी कारण बन सकता है। अगर आप भी सर्दियों में साइनस की समस्या से परेशान रहते हैं, तो इससे राहत पाने के लिए कुछ योगासनों का अभ्यास कर सकते हैं। उष्ट्रासन - इस आसन को करने के लिए जमीन पर घुटने के बल बैठ जाएं और दोनों हाथों को कूल्हों पर रखें। अब गहरी सांस लेते हुए रीढ़ की निचली हड्डी पर आगे की तरफ दबाव डालें। इस दौरान पूरा दबाव नाभि पर महसूस होना चाहिए। इसके बाद अपने हाथों से पैरों को पकड़ें और कमर को पीछे की तरफ मोड़ें।। इस स्थिति में 30-60 सेकंड रुकने के बाद आप धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कोई जमीन-जायदाद से जुड़ा मामला आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। आपको किसी बेवजह के काम को लेकर भागदौड़ करने से बचना होगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है, लेकिन आपको यदि कुछ दिक्कतें आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी और आप अपने बिजनेस को लेकर किसी अनुभव व्यक्ति से सलाह मशवरा भी करेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में राहत मिलेगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे और आपके बॉस भी आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम देंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी वाद-विवाद से दूरी बनाकर रखें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**कन्या**
आज का दिन जमीन-जायदाद से संबंधित मामलो में अच्छा रहने वाला है । आप अपनी आंखों और कान को खोलकर काम करें। आपको कोई गलत साबित करने की कोशिश कर सकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवनी जी रहे लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप यदि किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह भी अच्छी चलेगी। आपके कामों से आपको एक नई पहचान मिलेगी।

**धनु**
आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। नए संपर्को से आपको लाभ मिलेगा। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का उचित मार्गदर्शन मिलेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने घर के जरूरी कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ पारिवारिक मामले आपको समस्या दे सकते हैं।

**कुंभ**
आज आप अच्छे कामों से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे और आप अपने घर की मरम्मत आदि का काम भी शुरू कर सकते हैं, लेकिन आपको अपना खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करके चलने की आवश्यकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आपको अकस्मात लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से लोकसभा अध्यक्ष का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जैन समाज का चल रहा पंच कल्याण महोत्सव पर ओम बिरला टोंक आये, जहां पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक द्वारा जिला प्रमुख सरोज बंसल के आवास पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का 21 किलो की माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। जिला महामंत्री लाला महेंद्र दुसाद खंडेलवाल ने बताया कि स्वागत करने वालों में प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष व जिला प्रमुख सरोज बंसल, जयपुर जिला सह प्रभारी भाजपा नेता नरेश बंसल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, वैश्य समाज के प्रदेश मंत्री अशोक गांधी, बीना जैन, श्याम लाल जैन, सुनील कुमार जैन, रामजीलाल विजयवर्गीय, सुरेंद्र खंडेलवाल, भगवानदास सेठी, राजेश मंगल, रघुनंदन गोयल, रामावतार, बद्री लाल, कैलाश विजयवर्गीय, रघुनंदन अग्रवाल, ओमप्रकाश जैन बरवास, अशोक कुमार जैन छामुनिया, रेखा जाजू, अंजली गुप्ता, सुरेश जाजू, लोकेश गुप्ता, अंजलि शेखावटिया एवं हेमलता खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

## छतरी चौराहे शिव मंदिर में आज होगा विशाल भंडारा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शहर के मुख्य बाजार स्थित छतरी चौराहे शिव मंदिर का नवीन जीर्णोद्धार होने के उपलक्ष पर सोमवार 10 नवंबर को अन्नकूट भंडारा का भव्य आयोजन होगा। शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रेमचंद माली ने जानकारी में बताया कि हाल ही में शिव मंदिर का जीर्णोद्धार नगर पालिका देवली के आर्थिक सहयोग से किया गया है। इसके तहत पहला अन्नकूट आयोजन सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छतरी चौराहे स्थित मंदिर पर अन्नकूट भंडारे का यह आयोजन पहली मर्तबा किया जा रहा है। प्रेमचंद माली ने यह भी बताया कि यहां छतरी चौराहा स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर मंडल के तत्वावधान में सभी जन के सहयोग यह कार्यक्रम किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी जारी है। इस कार्यक्रम में लगभग 5 हजार लोगों के लिए अन्नकूट भंडार की व्यवस्था रखी जा रही है। अन्नकूट प्रसाद का वितरण सोमवार को शाम 4:30 बजे से शुरू होगा और समापन तक जारी रहेगा।

## मिटटी के ढेर में दब जाने से बालक की मौत, परिजन रो-रोकर बेहाल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा की बढ़ की ढाणी में घर के बाहर पडे मिटटी के ढेर में एक 13 वर्षिय बालक हॉल बनाकर उसमें घुस गया। अचानक मिटटी ढह जाने से वह मिटटी के ढेर में दब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि बड की ढाणी निवासी मोतीलाल सैनी के घर के बाहर दो ट्रॉली मिटटी का ढेर पडा हुआ था। मिटटी के ढेर में उसका 13 वर्षीय पुत्र बाबूलाल मिट्टी में हॉल बनाकर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह हॉल में घुस गया। इसी दौरान उसके ऊपर मिटटी का ढेर ढह गया। जिसमें वह दब गया और वह अचेत हो गया। जिसको देखकर उसके पिता व पड़ोसी उसको मिटटी के ढेर से बाहर निकालकर अचेत अवस्था में उपजिला अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक बालक के पिता ने बताया कि बाबूलाल कक्षा 8 में अध्ययनरत था। बाबूलाल तीसरे नम्बर का पुत्र था। मृतक के दो बड़े भाई हैं। मृतक के बड़े भाई का विवाह 2 नवंबर को ही हुआ है।

## वंदे भारत 150 जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** वंदे भारत 150 जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिला सआदत अस्पताल में जिला अस्पताल तथा एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने शुभारंभ किया। अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नविंद्र पाठक ने बताया कि प्रधान शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र चौधरी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमान प्रसाद बेरवा सहित कही चिकित्साकर्मियों एवं आमजन ने रक्तदान शिविर में अपना सवेच्छिक रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक का भी रक्त दान शिविर में सहयोग रहा। जिसके चलते कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के मनीष कुमार विजय, नरेश बंसल, ओमप्रकाश गुप्ता, रतिराम पहाडिया, कमलेश यादव, पंकज पहाडिया एवं बलवंत मराठा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने की परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग

# ग्राम बलखंडिया में करंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की हुई मौत, पूरे गांव में छाया मातम

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** पीपलू उपखंड क्षेत्र के बलखंडिया ग्राम में रविवार सुबह करंट लगने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर रोष जताते हुए मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, रामनारायण (35) व हरलाल (26) पुत्र मंगला बलाई निवासी बलखंडिया रविवार प्रातः लगभग 6 बजे भोपत्या नाला स्थित कुएं पर जा रहे थे। जानकारी अनुसार गति तीन माह से एग्रीकल्चर विद्युत लाइन के दो पोल गिरे हुए थे। विधुत लाइन के गिरे हुए वायर तार में आये करंट कि चपेट में आने से दोनों कि मौके पर ही मौत हो गई।इसी दौरान अचानक करंट लगने से दोनों भाई मौके पर ही गंभीर झुलसने के चलते मौत हो गई। जब तक आसपास के लोग पहुंचे, दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर उपखंड अधिकारी गणराज बडग़ौती, तहसीलदार कैलाश मीणा , डिप्टी अरविंद कुमार,झिराना थानाधिकारी हरीमन मीना, पीपलू थाना अधिकारी देवेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार प्रभुलाल मीना और विद्युत विभाग केएल पटेल, एक्सईएन मोहर सिंह मीणा, सहायक अभियंता अशोक जांगिड़ मौके पर पहुंचे तथा आवश्यक कार्यवाही शुरू की।

ग्रामीण हरिराम गुर्जर संदेड़ा ने बताया कि पास में ही हमारा खेत स्थित है।एग्रीकल्चर विद्युत लाइन के दो पोल टूट कर गिरे हुए है। यह विद्युत लाइन करीब 3 माह से नीचे गिरी हुई थी।विद्युत विभाग को कई बार सूचना दूरभाष पर दी गई। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया इसके चलते आज यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने बिजली निगम की लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये मुआवजे और सरकारी सहायता की मांग की है।

**दोनों मृतक खेतीहर मजदूरः** जानकारी अनुसार दोनों मृतक खेतीहर मजदूर हैं। उसी से अपने परिवार का पालन पोषण करते थे, मृतक रामनारायण की पत्नी दिव्यांग हैं। जिससे परिवार की स्थिति और भी दयनीय हो गई है। रामनारायण के एक छोटा पुत्र व पुत्री है। मृतक हरलाल के तीन छोटी पुत्रियां हैं। वृद्ध माता-पिता है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

टोंक जेवीवीएनएल एसई के एल पटेल, एक्सईएन मोहर सिंह मीणा, सहायक अभियंता अशोक जांगिड़ ने लिखित में मृतकों के परिजनों को आश्वासन दिया है। जिसमें लिखा है कि बलखंडिया गांव में विद्युत करंट से रामनारायण तथा हरलाल पुत्र मंगलाराम बलाई की घातक दुर्घटना हुई है। मौके पर उपखंड अधिकारी, पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में में यह आश्वासन दिया जाता है कि विद्युत निगम की जांच के उपरांत विद्युत निगम नियमानुसार प्रत्येक मृतक को 500000 दिए जाने का प्रावधान है। विभागीय जांच जल्द से जल्द करवाकर एक माह में उपरोक्त मुआवजा दिलवा दिया जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** देवली थाना पुलिस ने सोमवार को चोरी की बाइक के साथ बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त बाइक चोर से चोरी की बाइक बरामद कर ली है । थाना अधिकारी दौलत राम गुर्जर के अनुसार गत 7 नवंबर को शहर के तेली मोहल्ला निवासी राजेश साहू पुत्र चौथमल साहू ने थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया था कि उसकी बाइक बस स्टैंड परिसर में भारत स्टूडियो के बाहर खड़ी थी। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने यहां से बाइक चोरी कर ली । उक्त बाइक चोरी के मामले में 7 नवंबर को दर्ज रिपोर्ट पर पुलिस की जांच पड़ताल करवाई में पुलिस को बाइक चोर तक पहुंचाने की सफलता मिल गई और इस कार्रवाई में पुलिस को बाइक चोर का पता चल गया। पुलिस के अनुसार बाइक चोर टोंक निवासी है। प्रकरण की जांच करते हुए पुलिस ने तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की और आरोपी सम्माद पुत्र अमीनुल्लाह मुसलमान निवासी गोल सादिया मस्जिद के पास, फिरदौस नगर टोंक को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने आरोपी से चुराई गई बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपनी नशे की लत और मौज मस्ती के खर्चों को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करता था करता था। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल अब्दुल वहाब और हुकुमनाथ शामिल थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध टोंक और रामगंज जयपुर के थानों में 7 प्रकरण अपराधिक दर्ज है। पहले भी आरोपी को जयपुर, कोटा, टोंक पुलिस ने बाइक चोरी और आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर चुकी है। वही उक्त आरोपी,जमानत पर रिहा होने के दौरान फिर से चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया था।

## रमेशचंद यादव सरपंच चनानी बने यादव अहीर महासभा जिलाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** यादव अहीर महासभा की आमसभा की बैठक यादव छात्रावास में जिलाध्यक्ष कजोड़मल यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रमेशचंद यादव सरपंच चनानी को यादव अहीर महासभा का अध्यक्ष बनाया गया।

यादव समाज प्रवक्ता कमलेश यादव एडवोकेट ने बताया कि समाज के जिलाध्यक्ष हेतु कई नामो पर चर्चा हुई, उपस्थित समाज बंधुओं ने सर्वसम्मति से रमेश चंद यादव सरपंच चनानी को यादव अहीर महासभा का जिलाध्यक्ष चुना। इस अवसर पर यादव अहीर महासभा जिलाध्यक्ष रमेशचंद यादव ने कहा कि समाज को एकजुट रखने की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से जो जिम्मेवारी दी गई है, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। समाज के विकास में सहयोग करेंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राधाकिशन यादव, बनवारी लाल यादव, गंगाधर यादव, रामधन यादव, शिवराज यादव, भंवर लाल यादव, नरसी लाल यादव, बनवारी लाल एडवोकेट, रामकिशन यादव, रामअवतार यादव, रामावतार मंडावर, राजू लाल मंडावर, प्यारेलाल यादव, शिवजीलाल फौजी, बजरंग लाल यादव, प्रहलाद फौजी, मुकेश यादव, बाबूलाल यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, मोतीलाल यादव, बंसी नारायण, गिरिराज, कैलाश, बद्री एडवोकेट, रामकिशन पासरोटियां, सूरज जंवाली, प्रहलाद पटेल, रवि यादव जवाली, रामलाल सीतारामपुरा एवं हनुमान सीतारामपुरा आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक द्वारा रविवार को देवनारायण आवासीय विद्यालय टोंक में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया तथा विधिक सेवा सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में विधिक साक्षरता एवं न्याय के प्रति जागरूकता का प्रसार करना रहा। इस अवसर पर विधिक जागरूकता दल के सदस्य एवं पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिसोदिया तथा अधिकारमित्र हरिराम गुर्जर ने विद्यार्थियों को नालसा योजनाओं, नालसा हेल्पलाइन, कानून का शासन एवं उसके संवैधानिक महत्व, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य तथा नालसा की संगठनात्मक संरचना संबंधी जानकारी सरल एवं प्रभावी रूप में प्रदान की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से कानून के प्रति जागरूक नागरिक बनने तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर सहित शिक्षण स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार जलुथरिया ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के मार्गदर्शन में 09 नवम्बर से 15 नवम्बर तक विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सप्ताह के प्रत्येक दिवस को समाज के विभिन्न वर्गों यथा महिलाओं, छात्र-छात्राओं, बंदियों, श्रमिकों, वरिष्ठ नागरिकों एवं वंचित वर्गों को समर्पित कर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ''न्याय तक समान पहुंच'' का अवसर प्रदान करना है।

## 'वंदेमातरम राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का प्रतीक'



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राष्ट्रगीत वंदेमातरम के रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''वंदेमातरम 150'' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार को कृषि ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर उर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरा लाल नागर ने कहा कि वंदेमातरम राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का प्रतीक है। यह हमारे अंदर राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को एक सूत्र में बाधंने वाले राष्ट्र गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आज जन-जन गौरवांवित महसूस कर रहा है। नागर ने कहा कि वंदेमातरम राष्ट्रगीत स्वतंत्रता की लड़ाई में प्रमुख अस्त्र एवं शस्त्र के रुप में स्वतंत्रता सेनानियों को जोश से भर देता था। उनकी कुर्बानियों के बारे में युवा पीढ़ी को जानकारी हो यह हम सभी की जिम्मेदारी है। भारत का युवा देश का भविष्य है तथा देश प्रेम राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने का आवाहन किया है। इसलिए देश के हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के निर्माण में भावी पीढ़ी अपनी महत्ती भूमिका अदा करें। नागर ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नही बल्कि यह मातृ भूमि के प्रति श्रद्धा, देश प्रेम एवं सांस्कृतिक चेतना को दिखाता है। यह गीत हमें कर्र्तव्य, सद्मार्ग एवं देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। वंदेमातरम स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा रहा है, यह हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ो एवं राष्ट्रीय अस्मिता से जोडने का सशक्त माध्यम है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कम्यूनिटी थ्रेटर के युवा कलाकारों ने सडक़ सुरक्षा सप्ताह को लेकर वाहन चलाते समय हेलमेट के प्रयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए लघु नाटक का मंचन किया। साथ ही बांसुरी वादन एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

**शहीदों को दी श्रद्धांजलि :** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर जिला प्रभारी मंत्री हीरा लाल नागर ने जिला मुख्यालय के शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर टोंक जिले के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवालए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान भी मौजूद रहें।

### श्रीमद जिनेन्द्र पंचकल्याणक महामहोत्सव

# पंचकल्याणक महामहोत्सव पर टोंक में ऐतिहासिक जुलूस निकाला

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** दिगंबर जैन समाज की ओर से आयोजित श्रीमद जिनेन्द्र पंचकल्याणक महामहोत्सव के अवसर पर सुमेर पर्वत हेतु जुलूस निकाला गया। हाथी, घोड़ों एवं बग्गियों के शाही लवाजमे के साथ विभिन्न मार्गों से निकले ऐतिहासिक जुलूस में जैन समाज के लोगों का सैलाब उमड़ा। जगह-जगह जुलूस को विभिन्न समाज के लोगों की ओर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जुलूस के वर्धमान सभागार पहुंचने पर वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ की मौजूदगी में 1008 कलशों से भगवान का जन्माभिषेक मनाया गया। 1008 श्री पाश्र्वनाथ भगवान के श्रीमद जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा प्राण महामहोत्सव के दूसरे दिन टोंक में ऐतिहासिक जुलूस वर्धमान सभागार से जुलूस रवाना हुआ। यात्रा में 23 हाथी व 25 बग्गियों में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्र इन्द्रगण को शामिल होने का सौभाग्य मिला। 5 बैड की मधुर ध्वनियों के बीच निकली यात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से जैन समाज के पुरुष व महिलाएं उमड़ी। जुलूस प्रमुख चौराहे होते हुए पुनः वर्धमान सभागार पहुंचा। वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पाण्डुक शिला पर तीर्थंकर जिन बालक को विराजमान कर सौधर्म इन्द्र के अभिषेक करने के बाद पुण्यशाली चयनित परिवार वालों की ओर से स्वर्ण कलश से जिन तीर्थंकर बालक का अभिषेक किया गया। बाद में महामहोत्सव के पात्रों द्वारा 1008 कलशों से भगवान का जन्माभिषेक जयकारों के बीच मनाया गया। जैन समाज के लोगों में उमड़े सैलाब के चलते सभागार में पाश्र्वनाथ भगवान व आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज के जयकारे गूंजे।

**संचित पुण्यों से मिलता तीर्थंकररूपी कर्म का फल-आचार्य :** वात्सल्य वारिधि व राष्ट्र गौरव आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने कहा कि लौकिक व्यक्ति के जन्म पर आप खुशी मनाते हैं, उसी प्रकार तीर्थंकर के जन्म पर देवता खुशी उत्सव मनाते है, कई जन्मों के संचित सातिशय पुण्य से भगवान अवतरित होते है, आत्मा कई भव में भ्रमण करती है, तब पूर्व वर्षों के संचित पुण्य से तीर्थंकर नाम कर्म का फल मिलता है। तीर्थंकर बालक के गर्भ के 6 माह पहले से 14 करोड़ रत्न प्रतिदिन की वृष्टि होती है, तीर्थंकर बालक के गर्भ के 6 माह पहले तथा जन्म के 9 माह पूर्व अर्थात 15 माह तक कुबेर द्वारा रत्नों की वृष्टि की जाती है। तीर्थंकर भगवान द्वारा रत्नत्रय धर्म की वृष्टि की जाती है एवं देवताओं द्वारा रत्नों की वृष्टि की जाती है ।

# सुमन शक्तावत को मिली विद्यावाचस्पति की उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के विज्ञान संकाय अंतर्गत रसायन शास्त्र विभाग की शोधार्थी सुमन शक्तावत, पुत्री अभयसिंह शक्तावत (निवासी मदारा), को प्रतिष्ठित विद्यावाचस्पति की उपाधि से सम्मानित किया गया है। राजसमन्द जिले के मदारा निवासी सुमन शक्तावत ने अपना महत्वपूर्ण शोध कार्य आणविक संकरण दृष्टिकोण के माध्यम से जैव सक्रिय विषम चक्रीय यौगिक के संश्लेषण की दिशा में एक अध्ययन विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

उनका यह शोध कार्य रसायन शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गिरधरपाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

यह शोध कार्य रसायन विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो जैव सक्रिय विषम चक्रीय यौगिकों के संश्लेषण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुमन शक्तावत के इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष जताया। उनकी सफलता ने विश्वविद्यालय और उनके गृह क्षेत्र मदारा का नाम रोशन किया है।

# सर्व समाज हेल्प टीम की बैठक आयोजित, आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा




बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** सर्व समाज हेल्प टीम समिति की ओर से रविवार को बैठक का आयोजन टीम के कार्यवाहक अध्यक्ष महेन्द्र मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में टीम सदस्य यशवंत वीरपुर के पिता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। टीम संयोजक प्रकाश भाबला ने बताया कि बैठक में नवीन कार्यकारिणी का विस्तार करने, टीम द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ कार्य करने, सदस्यों की सहमति से कार्यकारिणी का विस्तार करने, आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा और टीम के वार्षिक सदस्यता एक हजार प्रति वर्ष व नये सदस्य जुडने पर 251 रूपए सदस्यता शुल्क सहयोग राशि पर सहमति जताई। वहीं उन्होंने बताया कि टीम की ओर से नववर्ष मिलन समारोह व नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह 15 जनवरी को सकट में आयोजित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जिला पार्षद गोकुल राम मीना, भजेड़ा सरपंच सीमा सुरेन्द्र मीना, प्रकाश भाबला, प्रमोद सकट, सुनील भांकरी, विक्रम फौजी, राजेश, मुकेश बमणावत, सैतान भांकरी, शैलेन्द्र खटाना, कालूराम भाबला, ओमप्रकाश फौजी आदि सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवगढ़ में कार चोरी: सुभाष नगर कॉलोनी में वारदात, सीसीटीवी फुटेज में दिखे 3 चोर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद जिले के देवगढ़ नगर में स्कॉर्पियो कार चोरी का मामला सामने आया है। यह घटना 8 नवंबर की रात सुभाष नगर कॉलोनी में हुई, जहां अज्ञात चोरों ने एक स्कॉर्पियो क्लासिक एस 11 कार चुरा ली। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। देवगढ़ थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, 8 नवंबर की रात करीब 1:27 बजे तीन अज्ञात चोर एक सफेद कार में सवार होकर सुभाष नगर स्थित महेंद्रसिंह गुर्जर के घर के बाहर पहुंचे। उन्होंने घर के बाहर खड़ी स्कार्पियो का लॉक तोड़ा और रात 1:44 बजे उसे लेकर अंबेडकर छात्रावास की ओर फरार हो गए।शिकायतकर्ता महेंद्रसिंह गुर्जर, जो खेड़ी राडान, जिला सीकर के निवासी हैं और वर्तमान में सुभाष नगर, देवगढ़ में रहते हैं, ने बताया कि चोरी हुए वाहन में गाड़ी के मूल दस्तावेज जैसे आरसी, बीमा, उनका ड्राइविंग लाइसेंस, सर्विस बुक और 12,000 रुपये नकद के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे थे।देवगढ़ पुलिस थाना में इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। हेड कांस्टेबल बाबू सिंह को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस ने गहनता से मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को दी आर्थिक सहायता



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** रविवार को फोजी सेवा समिति नैहडा ने दुब्बी गांव स्थित शहीद सुनील मीना के निवास पर पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने शहीद के परिवार को 21 हजार रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने परिवार को को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस दौरान समिति के सदस्य राकेश कमांडों, राजेश मैजोड़, रामेश्वर खोड़ा, रामप्रसाद पंच, गोविन्द सहाय, विक्रम फौजी, मुकेश पलवा, प्रकाश भाबला, महेंद्र मीना, शैलेन्द्र खटाना, ओमप्रकाश, जशवंत मीना सहित शहीद परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाबा भर्तृहरि के भंडारे से विधिवत कार्यक्रम का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री राजर्षि अभय समाज द्वारा इस वर्ष के श्री रामलीला एवं नाटक महाराज भर्तृहरि प्रदर्शन के उपरांत आज अभय समाज के पदाधिकारी कलाकारों एवं स्वयंसेवकों द्वारा बाबा भरतरी हरी के स्थान पर जाकर विधिवत हवन आदि करके भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर जी शर्मा के कुशल नेतृत्व में तथामहामंत्री श्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा के उचित मार्गदर्शन मेंएवं महानिदेशक श्री मनोज कुमार गोयल के निर्देशन में कलाकारों के कुशल अभिनय द्वारा इस वर्ष का कार्यक्रम बाबा भर्तृहरि के भंडारे के साथ संपन्न हुआ।

## नव विवाहित जोड़ो को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना

# वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने रविवार को अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति द्वारा आयोजित 15 जोड़ों के चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत कर नव विवाहित जोडो को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना की।

वन राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति का सहारा बन रहे हैं, ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश की हर बेटी, हर महिला न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। इसके लिए, सरकार ने उनके कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है, जिनका सीधा लाभ लाखों बालिकाओं और महिलाओं तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत युवती के विवाह के लिए 21 हजार से 51 हजार रुपए तक की सहायता दी जा रही है। उन्होंने अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन की सराहना की। इस दौरान अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति के अध्यक्ष कुंदन लाल जाटव, श्री अशोक वर्मा, श्रीमती सरिता राज सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

**अन्नकूट महोत्सव में की शिरकत:** वन राज्यमंत्री श्री शर्मा ने श्री ब्राह्मण छात्रावास में आयोजित अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आमजन के साथ अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन कराए जाते रहे हैं, जिससे आपसी प्रेम, भाईचारे की भावना प्रबल होती है।

# जयपुर-दिल्ली राजमार्ग एनएच-48 पर प्रागपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 113 किलो 44 ग्राम डोडा-पोस्त ले जाते पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाते हुए प्रागपुरा पुलिस ने एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि जयपुर रेंज महानिरीक्षक पुलिस के निर्देशानुसार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन, विराटनगर कार्यवाहक डीएसपी राजेन्द्र बुरडक़ के सुपरविजन तथा प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। एएसपी वैभव शर्मा ने बताया कि थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने टीम को अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु सघन कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों की प्रभावी पालना में प्रागपुरा थाना पुलिस ने जयपुर-दिल्ली एनएच-48 पर नाकाबंदी के दौरान वाहनों की गहन चैकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान जयपुर से दिल्ली की ओर जा रही एक पीकअप को रोककर तलाशी ली गई। वाहन के पीछे दो बड़े बिजली के ट्रांसफार्मर रखे हुए थे। टीम को संदेह होने पर ट्रांसफार्मरों की बारीकी से जांच की गई तो उनके बीच प्लास्टिक के कट्टे छिपे मिले। कट्टों को खोलकर देखा गया तो उनमें छिलका-नुमा पदार्थ भरा मिला, जिसकी पहचान अवैध डोडा-पोस्त के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान चालक व खलासी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। कुल 06 कट्टों में भरा 113 किलो 44 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त मौके पर ही जप्त किया गया। साथ ही वाहन को भी एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत जब्त किया गया। पुलिस ने मौके से दो आरोपी सुखबीर सिंह (32) पुत्र रामसिंह, जाति जट सिख, निवासी कमालके थाना धर्मकोट, जिला मोगा (पंजाब) और गुरजन्ट सिंह (32) पुत्र गुरुचरण, जट मजबी सिख, निवासी पंडूरी अराया थाना धर्मकोट, जिला मोगा (पंजाब) को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत पुलिस हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से मादक पदार्थ की आपूर्ति श्रृंखला और स्रोत के संबंध में गहन पूछताछ जारी है। यह कार्रवाई प्रागपुरा पुलिस, विशेषकर थानाधिकारी कश्मीर सिंह की सतर्कता और एएसपी वैभव शर्मा के सख्त नेतृत्व का परिणाम है, जिसने एनएच-48 मार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ा प्रहार किया है।

# लाइफ टाइम सेवा एचीवमेंट सम्मान से सम्मानित हुए दौलत राम हजरती



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से संस्था के संरक्षक और मार्गदर्शक दौलत राम हजरती को *लाइफ टाइम सेवा एचीवमेंट सम्मान-2027 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें समाजसेवा के क्षेत्र में उनके निरंतर और प्रेरणादायी योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में मुख्य समन्वयक अभिषेक तनेजा ने हजरती जी के जीवन भर समाजहित में किए गए सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन समाजसेवा का सजीव उदाहरण है। कार्यक्रम संयोजक रेखा महलावत ने कहा कि हजरती जी का व्यक्तित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पत्रकार ज्योति शर्मा ने कहा कि वे बुजुर्ग जिन्होंने जीवन के हर चरण में सकारात्मक सोच और सेवा को अपनाया है, उनसे समाज को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था को भी सेवा और सद्भाव के माध्यम से सार्थक बनाया जा सकता है। मत्स्य विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव डा. आशुतोष शर्मा ने कहा कि दौलत राम हजरती उन व्यक्तित्वों में से हैं जो स्वतंत्रता के दौर की अनुभूतियों और मूल्यों को आज भी संजो कर रखते हैं। उन्हें सम्मानित करना अपने आप में गौरव की बात है।

शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवीन बत्रा ने हजरती जी के जीवन दर्शन, अनुशासन और समाज कल्याण की निरंतर भावना को रेखांकित किया। इस अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति के सचिव ललित बेनीवाल, समाजसेवी तारेश जोरवाल, गुरप्रीत सिंह पवित्र, मनीष अरोड़ा, रूपेश शर्मा एवं निर्मल रस्तोगी ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन तारेश जोरवाल और रेखा महलावत ने किया।

# आदिवासी मीना महिला विकास संघ की ओर से दीपावली मिलन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के आशियाना पैलेस थाना पेट्रोल पंप के सामने रविवार को आदिवासी मीना महिला विकास संघ की ओर से दीपावली मिलन समारोह संघ की प्रदेश अध्यक्ष मंजू मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बालिकाओं ने अतिथियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के बाद आम सहमति से सीमा सेहरा को अलवर जिले की जिलाध्यक्ष, मिथलेश मीना को जिला महासचिव और सुनीता मीना को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मंजू जेफ ने की ?। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि आरजेएस पूजा मीना रहीं। उन्होंने महिलाओं को अपनी संस्कृति संजोकर संरक्षित करने और सर्वांगीण विकास पर विचार व्यक्त किया।

## पुलिस ने किया मामला दर्ज

# रेलमगरा में 924 ग्राम तरल अफीम के साथ युवक गिरफ्तार: नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने तलाशी ली

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद जिले की रेलमगरा थाना पुलिस ने 924 ग्राम तरल अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय जयपुर, राजस्थान द्वारा संचालित वाहन चेकिंग एवं एमवी एक्ट के विशेष अभियान के तहत की गईथानाधिकारी सोनाली शर्मा ने बताया कि वृत्ताधिकारी नाथद्वारा शिप्रा राजावत के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया था। यह टीम थाना क्षेत्र में गश्त, वांछित अपराधियों की तलाश और वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी।सोनियाणा चौराहे पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक युवक को थैली लेकर पैदल आते देखा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम अंकित पुत्र बालूराम जाट (19 वर्ष), निवासी मेवदा, थाना कपासन, जिला चित्तौडग़ढ़, हाल खड़बामनिया, थाना रेलमगरा, जिला राजसमंद बताया।युवक की थैली की तलाशी लेने पर उसमें अवैध तरल अफीम मिली।

आरोपी अंकित के पास अफीम से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या अनुज्ञापत्र नहीं था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया। जब्त अफीम को नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। प्रकरण का अग्रिम अनुसंधान श्रीनाथजी थाना नाथद्वारा के थानाधिकारी मोहन सिंह कर रहे हैं।इस कार्रवाई में थानाधिकारी सोनाली शर्मा के साथ एएसआई जसवंत सिंह, हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह, विजय सिंह, खींवराज, आसूचना अधिकारी राकेश कुमार और चालक कॉन्स्टेबल रणजीत सिंह शामिल थे।

## लॉड्‌र्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा जिज्ञासा शर्मा को मिला प्रथम स्थान

# सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों तथा कथाकारों के जीवन-यात्रा का कथावलोकन विषय पर अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के विद्यार्थी हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** माउंट लिट्रा जी स्कूल में शनिवार को हिंदी के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों तथा कथाकारों के जीवन-यात्रा का कथावलोकन विषय पर एक अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकारों के जीवन एवं उनके रचनात्मक योगदान पर सारगर्भित और प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर लॉड्‌र्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा जिज्ञासा शर्मा ने महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद जी के जीवन और साहित्यिक योगदान पर अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति ने निर्णायकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।विद्यालय की प्रधानाचार्या वर्षा गौड़ ने बताया कि आज के दिन हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने दो अंतर-विद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा किया। उसी दिन चिनार स्कूल में आयोजित इंटर-स्कूल इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता में भी लॉड्‌र्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर रोलिंग ट्रॉफी हासिल की तथा विद्यालय का गौरव बढ़ाया। एक ही दिन में दो प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में विजयी होकर हमारे होनहार विद्यार्थियों ने विद्यालय की उपलब्धियों की श्रृंखला में एक और कोहिनूर जोड़ा।

प्रधानाचार्या वर्षा गौड़ तथा उप-प्रधानाचार्या श्रीमती मंजू यादव ने जिज्ञासा शर्मा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता सतत परिश्रम, समर्पण और उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने बालिका के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ दीं।

विद्यालय अध्यक्ष मनोज चाचान ने भी इसे विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

## श्री स्वर्ण रजत कला उत्थान समिति, कोटा के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री स्वर्ण रजत कला उत्थान समिति, कोटा के द्विवार्षिक निर्वाचन रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। समिति के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से मतदान प्रक्रिया को सफल बनाया।

निर्वाचन अधिकारी हेमंत शर्मा और लोकेश व्यास ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कपिल सोनी ने 61 मतों से विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर अनिकेत जैन, मंत्री पद पर जगदीश सोनी, उपमंत्री पद पर नरेश सोनी तथा कार्यकारिणी सदस्य पद पर दिनेश भाटी और दीपक सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

वहीं कोषाध्यक्ष पद पर महेंद्र अग्रवाल ने 68 मतों से विजयी रहे। चुनाव परिणाम घोषित होते ही नव निर्वाचित कार्यकारिणी का समाज के गणमान्यजनों एवं संस्था सदस्यों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने समिति की एकजुटता, कला एवं सेवा कार्यों को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## ब्राह्मण विप्र फाउंडेशन की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



बढ़ता राजस्थान

खातोली/कोटा (मुकेश गोस्वामी)। खतौली बुधवार को विप्र. फाउंडेशन ब्राह्मण समाज देहात कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

तहसील पीपल्दा संरक्षक भूपेंद्र कोठारी एवं तहसील अध्यक्ष महावीर शर्मा द्वारा जिलाध्यक्ष विकास तिवारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर निर्देशा अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णमुरारी चतुर्वेदी अनुशंसा पर संरक्षण राजू शर्मा कैलाश मिश्रा पुष्पेंद्र शर्मा ओम शर्मा केशव शर्मा की अनुशंसा पर खातौली ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज शर्मा उपाध्यक्ष हिमांशु शर्मा मंत्री मनमोहन शर्मा कोषाध्यक्ष दीपक पालीवाल को नवीन कार्यकारिणी में सदस्यता देकर विप्र फाउंडेशन देहात का दायित्व दिया गया।

## 40 इकाइयों ने एक साथ मनाया अन्नकूट महोत्सव, एकता और स्वदेशी की दी प्रेरणा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जिला कोटा के तत्वावधान में शहर की 40 इकाइयों ने एक साथ दशहरा मैदान में अन्नकूट महोत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा, महापौर राजीव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी व राजेश बिरला सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संयोजक संतोष राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि अन्नकूट से समाज में एकता, सेवा और स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया गया। महिलाओं की 151 सदस्यीय टीम ने भोजन एवं आतिथ्य की जिम्मेदारी निभाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देवांशी, मोहिता, तनुश्री की गणेश वंदना व मलखंभ योग आकर्षण का केंद्र रहे। संस्था चेयरमेन रामगोपाल अग्रवाल ने सिकुड़ते परिवार और रिश्तों की दूरी को चिंता का विषय बताया। युवा अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि युवाओं व महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता हेतु अग्र सेना बनाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में 101 भामाशाहों का सम्मान किया गया और गिरिराज धरण की झांकी व छप्पन भोग ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया।

## विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान वर्ष 2025-26 के अनुसार एवं अध्यक्ष एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देशानुसार अधिकार मित्र रामेश्वर पाटीदार ने ग्राम आंकखेड़ी में शिविर का आयोजन किया। अधिकार मित्र ने विधिक सेवा कानूनों, अधिनियमों एवं स्कीमों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अधिकार मित्र ने विधिक सेवा दिवस (9 नवंबर) एवं नालसा जागृति योजना 2025 आदि के बारे में विधिक जानकारी प्रदान की। साथ ही माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन योजना, पालनहार योजना , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी दी । और शौषण तथा जबरन श्रम एवं घरेलू हिंसा से महिलाओं का सरंक्षण अधिनियम 2005, विधिक सेवा निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100, मध्यस्थता, राजस्थान पीडित्र प्रतिकर योजना एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर 25 आदि के बारे में विधिक जानकारी प्रदान की एवं विधिक पंपलेट वितरित किए।

## यूनिटी मार्च पदयात्रा का आज

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन सोमवार, 10 नवम्बर 2025 को प्रातः 11.00 बजे विजया राजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल, झालावाड़ से किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी दिनेश जांगिड ने बताया कि इस यूनिटी मार्च का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा माई भारत के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मार्च का समापन गढ़ पैलेस परिसर में होगा।

**कोटा की स्मार्ट पुलिसिंग-24 घंटे मे ब्लाइंड मर्डर की खोली गुथ्थी**

# रिश्तेदार ही निकला हत्यारा, लेनदेन के विवाद में की थी महिला की हत्या, बच्ची ने देख लिया तो उसे भी मारना पड़ा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर के रोझड़ी इलाके में माँ—बेटी की गला दबाकर की गई निर्मम हत्याकाण्ड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।आर.के. पुरम थाना अंतर्गत दिनदहाड़े हुई हत्या से क्षेत्र मे दहशत पैदा ही गयी थी। मामले का खुलासा करते हुए शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि हत्या करने वाला महिला का पूर्व परिचित व रिश्तेदार निकला।

प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि मृतक व आरोपी पूर्व-परिचित थे। जो की अपने दो साथियों के साथ महिला के घर पैसे लेने आया था। पैसे के लेनदेन के विवाद के चलते उसने महिला की हत्या करना की वारदात को कबूल किया है। आरोपी प्रदीप वैष्णव द्वारा मृतक को 60,000 उधार दिये गये थे जिसे न दे पाने की बात पर आरोपी ने अपने अन्य दो साथियों भरत सहरिया 23 पुत्र शिवचरण गांव शोजपुर - खानपुर झालावाड निवासी व राजू के साथ मिलकर घटना कारित कर दी। चाय पी कहा खाना भी खिला दो। आरोपियों ने कबूल किया है कि वह घर पर गए, जहां उन्होंने चाय भी पी तथा ज्योति से खाना बनाने को कहा ज्योति जब रसोई में काम कर रही थी तभी उन्होंने पीछे से जाकर चुन्नी से उसका गला दबा दिया इसी बीच उसकी बेटी पलक भी वहां पर आ गई उन्होंने मृतका ज्योति के साथ मासूम पलक को भी गला दबा कर मार दिया।

### हत्या के बाद पूरे घर में मचाई लूट

हत्यारे मां बेटी की हत्या करने के बाद पूरे घर की तलाशी मे जुट गये।महिला के गले में मंगलसूत्र कानों के टॉप्स खोलकर कीमती सम्मान अपने साथ ले गए।

### स्मार्ट पुलिसिंग मुखबिर तंत्र का नतीजा

पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया है कि हत्या की वारदात के बाद मौके पर पहुंची स्पेशल टीम डॉग स्क्वायड वह तकनीकी साक्ष ने के गहन अध्ययन के बाद हमने आदित्य अपराधियों की पूरी जानकारियां जुटाई ।घटना की प्रकृति व शक किसी परिचित पर ही था । जांच के लिए 16 टीम में गठित की गई किसी के द्वारा सूचना मिली कि मुकुंदरा के जंगलों में दो अपराधी छिपे हुए हैं जिन्हें डिटेल करके पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो सारा मामला खुलासा हुआ।

### यह था मामला

फरियादी प्रशांत वैष्णव ने रिपोर्ट दी कि मेरे जीजाजी भगवान वैष्णव शुक्रवार शाम को जब घर पहुंचे तब उन्होंने देखा कि बिस्तर पर बिटिया पलक अचेत पड़ी हुई है वह सीधा उसे लेकर अस्पताल की ओर दौड़े पीछे से पड़ोसी भी किचन में लहूलुहान पड़ी ज्योति को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां ड्यूटी डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया था।

## दुनिया एक धोखा है रब से ऑनलाइन होने का एक मौका है: मोलवी ज़ुबैर गोरी

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** निकटवर्ती क्षेत्र पिड़ावा में तीन रोजा दीनी दब्लीगी इज्तिमा में मौलवी गोरी ने अपने बयान में बताया है कि दुनिया एक धोखा है। रब से ऑनलाइन होने का एक मौका है। दुनिया बनाने में हम दिन-रात मेहनत करते रहते हैं बावजूद उसके हम साथ में कुछ भी नहीं ले जाते हैं हम जब दुनिया से रुखसत होते हैं। तब दुनिया वाले हमारे पास जो भी कुछ होते हैं उसको अपने कब्जे में ले लेते हैं हमारे साथ सिर्फ व सिर्फ आमाल ही जाते हैं। हम जो जिंदगी जी रहे हैं, वह मुक्तसर है इसके बाद वाली लामहदूद (कभी न खत्म होने वाली) है।

इसी के साथ तबलीगी इस समय में चल स्वच्छ भारत अभियान का पूर्ण रूप से पालन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। और उन्होंने इस बात का प्रमाण दिया कि हम स्वच्छता पर पूर्ण रूप से ध्यान देते हैं। एवं पाक साफ रहते हुए रब से ऑनलाइन रहते हैं। किसी भी प्रकार से धूम्रपान, गन्दगी, कूड़ा कचरा, खाली चाय के डिस्पोजल, पानी के डिस्पोजल एवं प्लास्टिक का उपयोग किसी भी हाल में नहीं किया गया। पानी के छबील स्टील के गिलास, कांच के गिलास, चाय की स्टॉल पर चीनी के मग एवं कांच के गिलास, रोग निरोधक काड़ा (जोशांदा) सुनेल वालों की खिदमत जोन में बनाया गया। जिसको पीने वालों द्वारा काफी सराहा गया। इज्तिमा गाह में आसपास से पहुंचने वाले मुस्लिम भाइयों को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वालों ने बखूबी अंजाम दिया। इज्तिमा के दूसरे दिन आज अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। 11 नवंबर को दुआ के साथ इज्तिमा का समापन होगा।

## राउंड टेबल इंडिया प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के.के. विश्नोई से की शिष्टाचार मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा यूनाइटेड राउंड टेबल-306 के प्रतिनिधिमंडल ने आर.टी.आई. कनेक्ट पहल के तहत राजस्थान सरकार के कौशल, उद्यमिता एवं रोजगार मंत्री तथा गुडामालानी (बाड़मेर) के विधायक माननीय के.के. विश्नोई से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन रोहिताभ सोनी, सचिव निखिल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष शुभदीप शर्मा शामिल रहे। बैठक के दौरान फ्रीडम थ्रू एजुकेशन स्कूल प्रोजेक्ट से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

मंत्री विश्नोई ने राउंड टेबल इंडिया द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार राउंड टेबल इंडिया द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों के विद्यार्थियों को रोजगार व कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग करेगी।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। दोनों पक्षों ने शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और युवाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में भविष्य में भी मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग एवं उच्च शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में शनिवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत अनाहिता शर्मा के एकल नृत्य के साथ की गई जिसकी प्रस्तुति से नन्ही बालिका ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी। इसके पश्चात राबाउमावि मंगलपुरा की छात्राओं द्वारा केसरिया बालम धरती धोरारी गीत पर सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

वहीं तिरंगे में बसती है जान गीत पर बालिका आयुषी सुमन ने एकल नृत्य के माध्यम से देशभक्ति का माहौल बना दिया। ब्लोसम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पंजाबी, भांगडा एवं गिद्धा नृत्य की प्रस्तुति दी। अंतिमा कुमारी द्वारा देश रंगीला गीत पर एकल नृत्य किया गया जिस पर दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। पीजी कॉलेज की छात्राओं द्वारा कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं डॉ अशोक शर्मा ने बांसुरी के माध्यम से ए मेरे वतन के लोगों गीत प्रस्तुत किया। महारानी बृजकुवंर राबाउमावि झालावाड की छात्राओं द्वारा युगल नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात सैट जॉसफ इन्टरनेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। मॉर्डन एजुकेशन स्कुल की छात्रा आयशा खाँन ने हमे देखनी हैं आजादी गीत पर एकल नृत्य किया गया।

## महिलाओं के लिए फ्री आर एस-सीआईटी कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ, निशुल्क पाठ्य सामग्री वितरण

बढ़ता राजस्थान



**सुकेत/कोटा (मंगल सिंह अतरालिया)।** नगरपालिका सुकेत क्षेत्र में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए वन वर्ड एजुकेशन, भील मोहल्ला सुकेत में राजस्थान सरकार की योजना के तहत महिलाओं के लिए निशुल्क आर एस-सीआईटी कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगरपालिका वार्ड पार्षद बालचंद भील द्वारा आर एस-सीआईटी की निशुल्क पाठ्य सामग्री वितरण कर किया गया।

संस्था प्रधान रघुवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि यह कोर्स राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित है और विशेष रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए निशुल्क संचालित किया जा रहा है। इस कोर्स का उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल शिक्षा और कंप्यूटर स्किल्स से सशक्त बनाना है ताकि वे रोजगार, स्व-रोजगार और सरकारी सेवाओं में अपनी भूमिका निभा सकें। संस्थान की शिक्षिकाएं परवीन मेम और शिनम मेम ने बताया कि निशुल्क आर एस-सीआईटी कोर्स की कक्षाएं आज से विधिवत रूप से प्रारंभ हो गई हैं। इस अवसर पर वन वर्ड एजुकेशन की शाखा बुक हेवन लाइब्रेरी के संचालक अमन टेलर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

**खैराबाद-गोयंदा : मॉनिटरिंग अधिकारियों की सुस्ती पर उठे सवाल**

# सड़क निर्माण की समय अवधि पूरी, 11 माह बाद भी निर्माण अधूरा

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** खैराबाद से गोविंदा गाँव तक बनने वाली साढ़े सात किलोमीटर लंबी सडक़ का कार्य तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी अधूरा है।

इस सडक़ के निर्माण के लिए राजस्थान सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा 16 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। निर्माण कार्य की शुरुआत 11 जनवरी 2025 को की गई थी और इसे 10 नवम्बर 2025 तक पूरा किया जाना था। लेकिन अंतिम तिथि बीत जाने के बावजूद जब टीम ने स्थल का निरीक्षण किया, तो पाया कि सडक़ का मात्र 50 प्रतिशत कार्य ही पूरा हुआ है, जबकि शेष कार्य महीनों से रुका हुआ पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य अधूरा रहने से उन्हें धूल, मिट्टी से होकर गुजरना पड़ता है। भारी वाहनों की आवाजाही से सडक़ पर धूल के गुबार उड़ते हैं।और राहगीर आए दिन गिट्टी के कारण फिसलकर घायल हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सडक़ खैराबाद से गोयंदा गाँव तक ही नहीं बल्कि अन्य आसपास के चार-पाँच गाँवों को भी जोड़ती है। ऐसे में अधूरे निर्माण कार्य से हजारों ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य की धीमी गति और अधूरापन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और सुस्ती का नतीजा है। उन्होंने सवाल उठाया है कि जब सडक़ निर्माण की समय अवधि समाप्त हो चुकी है, तो विभाग अब क्या कार्रवाई करेगा?





# एसपी ने किया बाड़ी कोतवाली और सदर थाने का निरीक्षण

## पुलिस अधिकारियो को दिए पेंडिंग मामलो के निस्तारण और क्राइम को कंट्रोल करने के निर्देश

एसपी ने किया शहर के बाजार का पैदल गश्त, पुलिस अधिकारी भी रहे साथ



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शनिवार की शाम सर्किल के कोतवाली थाने और सदर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बाड़ी कोतवाली थाने पर सीओ महेंद्र कुमार और कोतवाली एवं सदर थाना एसएचओ के साथ बैठक की। जिसमें थानों पर पेंडिंग चल रहे मामलों के निस्तारण और फरार चल रहे वांटेड आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ नए कानून की किस प्रकार पालन की जा रही है इसको लेकर समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद एसपी विकास सांगवान, सीओ महेंद्र कुमार, कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा और पुलिस के जवान शहर के पैदल गस्त पर निकले, किला गेट गांधी पार्क होते हुए एसपी घंटाघर,सर्राफा बाजार, सीताराम बाजार, हॉस्पिटल रोड, भारद्वाज मार्केट होते हुए टाउन चौकी पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया को बताया की अधिकारियों से क्राइम को कंट्रोल करने के लिए विशेष रणनीति बनाने के निर्देश दिए हैं। अब आगे शहर और हाईवे पर गस्त व्यवस्था को ओर प्रभावी बनाया जाएगा साथ मे विभिन्न पॉइंट पर नाकाबंदी और सघन की जाएगी।

# मनिया पुलिस ने 6 ट्रकों से 142 भैंसें पकड़ीं

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। मनियां थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर नाकाबंदी के दौरान छह ट्रकों से 142 भैंसों और पाड़ों को जब्त किया। इन ट्रकों में जानवरों को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धौलपुर की ओर से पशुओं से भरे ट्रक आ रहे हैं। इस पर एएसआई बदनसिंह, एएसआई वल्केश्वर दत्त और हेड कॉन्स्टेबल चंद्रभान सिंह 712 की टीम ने थाने के सामने और चौकी बरैठा के सामने एनएच-44 पर नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान धौलपुर की तरफ से छह आयशर कैंट्रा ट्रक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने इन वाहनों को रोका। पांच ट्रकों के केबिन में एक-एक व्यक्ति और एक ट्रक में दो व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में आरोपियों की पहचान रहीस (27, धौलपुर), शेरसिंह (37, मुरैना), जलालुद्दीन (27, मुरैना), बृजेश कुमार (25, मुरैना), शाहरुख (33, मुरैना), रामेश्वर (49, आगरा) और सोहेल (22, धौलपुर) के रूप में हुई। वाहनों की तलाशी लेने पर सभी ट्रकों में कुल 142 भैंसें और पाड़े क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे हुए मिले। ड्राइवरों ने बताया कि वे इन पशुओं को व्यापार के उद्देश्य से बूचड़खाने ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 बीएनएस और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) (घ) के तहत तीन अलग-अलग मामले (प्रकरण संख्या 486/2025, 487/2025, 488/2025) दर्ज किए गए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

## हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप

### परिजन बोले- दहेज की मांग करते थे ससुराल वाले, महिला का शव पंखे के हुक से लटका मिला

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के हलैना थाना इलाके में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए दर्ज करवाई है। महिला की ढाई साल पहले ही शादी हुई थी।

### गृह क्लेश के बाद लगाई फांसी

महिला के पति पुष्पेंद्र मीणा निवासी नेवाड़ा गांव ने बताया कि कल शाम घर के काम को लेकर उसकी पत्नी शिक्षा (24) से कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद उसने कमरे में जाकर फंसी लगा ली। शाम करीब 8 बजे मैं अपने कमरे में गया तो, उसका शव पंखे के कुंडे से लटका हुआ था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को हलैना अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। साथ ही शिक्षा के परिजनों को घटना की सूचना दी गई।

### पीहर पक्ष और ससुराल वालों में हुई कहासुनी

शिक्षा के पीहर पक्ष के लोग कल ही हलैना पहुंच गए। वह पुष्पेंद्र के परिजनों से झगड़ा करने लगे। जिसके आज शिक्षा के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया है। जिसके बाद शिक्षा के परिजन उसके शव को पीहर खुडयाणा गांव जिला अलवर ले गए हैं।

# गढी सांवलदास गौशाला के संरक्षण व संवर्धन के लिये डॉ. गर्ग ने 10 लाख देने की घोषणा की

## गौमाताओं का पूजन कर क्षेत्र व प्रदेश में खुशहाली की कामना

### कोतवाली क्षेत्र में प्याऊ बनवाने के साथ ही, मंदिर की दीवार का नवीनीकरण कराने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने रविवार को शहर की गढी सांवलदास गौशाला का निरीक्षण कर गायों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये विधायक निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कोतवाली बाजार का दौरा कर व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर कोतवाली थाना के निकट मन्दिर की दीवार की मरम्मत कराने के अलावा प्याऊ बनवाने व शौचालय के लिये जगह चिन्हित कर शीघ्र ही निर्माण कराने के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने शहर के कोतवाली बाजार में पहुंचकर व्यापारियों से उनकी समस्याओं को जाना।

इस दौरान क्षेत्र के व्यापारियों ने उन्हें कई समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर डॉ. गर्ग ने कोतवाली के निकट स्थित संतोषी मंदिर की दीवार के क्षतिग्रस्त होने पर उसकी मरम्मत व नवीनीकरण कराने के लिये वित्तिय स्वीकृति जारी करने के सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके अलावा डॉ. गर्ग ने क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुये पूर्व में कोतवाली पर बन रही प्याऊ को पुनः बनवाने तथा बाजार में आने वाले क्षेत्र के लोगों व व्यापारियों की समस्या का ध्यान रखते हुये जगह चिन्हित कर शीघ्र ही शौचालय का निर्माण कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने उद्योग नगर क्षेत्र में स्थित गढी सांवलदास गौशाला का भी निरीक्षण किया और गौवंश की सेवा के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही गायों का पूजन किया तथा गौशाला परिसर में ही स्थित मंदिर पर विधि विधान से ठाकुर जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान डॉ. गर्ग ने गौशाला में रहने वाले गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये विधायक निधि से 10 लाख रुपये की राशि जारी करने की घोषणा की।

गौशाला पहुंचने पर डॉ. गर्ग का मंहत शिशुपाल विद्यार्थी ने माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। डॉ. गर्ग ने भरतपुर दौरे के



दौरान शहर के रणजीत नगर, कृष्णा नगर, एकता बिहार कॉलोनी, कमला रोड, आर्य समाज रोड के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के तुहिया, नगला बिलौठी, पीपला, घुस्यारी, हाथी का नगला, परशुराम का नगला आदि क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों के दु:ख सुख में शामिल होकर भागीदारी निभाई।

# सरमथुरा रोड हाईवे पर दर्दनाक हादसा, ट्रक ने कुचला बाइक सवार पति -पत्नी को

## उपचार के बाद मिली अस्पताल से छुट्टी,दूसरे दिन बिगड़ी तबियत, धौलपुर से ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में हुई मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सरमथुरा रोड के बॉबी होटल के पास दर्दनाक हादसा हो गया। तेज गति अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों को घायल होने के बाद बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई लेकिन दूसरे दिन शरीर में इंटरनल बिल्डिंग के चलते फिर तबीयत बिगड़ने पर जब परिजन उनको लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे तो चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। ऐसे





में ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई। शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया निवासी 50 वर्षीय मृतक रामबरन पुत्र रमजी गुर्जर के छोटे भाई जगदीश गुर्जर ने बताया कि उनके बड़े भाई जो खनन ठेकेदार थे। बाड़ी के कायस्थ पाड़ा पुलिया पर निजी मकान बनाकर रह रहे थे। गुरुवार को रामबरन और उनकी पत्नी मंतोष किसी काम से बाइक से गांव आ रहे थे। इस दौरान हाइवे पर बॉबी होटल के पास अनियंत्रित ट्रक ने उनको टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। इस दौरान एंबुलेंस से उन्हें बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार भी किया और उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। शुक्रवार को दोनों पति-पत्नी दिन में ठीक रहे लेकिन शाम होते-होते दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी। इस पर परिजन उनको जिला अस्पताल धौलपुर लेकर पहुंचे। जांच चिकित्सकों ने उनका परीक्षण कर इंटरनल बिलिडिंग और इंफेक्शन के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। जब दोनों को ग्वालियर उपचार के लिए ले जाया जा रहा था तो रास्ते में पहले पति और बाद में पत्नी की मौत हो गई।

# डॉ. समरवीर सिकरवार धौलपुर पीएमओ नियुक्तः डॉ. विजय सिंह के रिटायरमेंट के बाद सरकार ने की स्थाई नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान सरकार ने डॉ. समरवीर सिंह सिकरवार को एक बार फिर धौलपुर जिला अस्पताल का प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) नियुक्त किया है। स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार रात इस संबंध में आदेश जारी किए। डॉ. सिकरवार वर्तमान में आरयूएचएस जयपुर में कनिष्ठ विशेषज्ञ (सर्जरी) के पद पर कार्यरत थे। जारी आदेश के अनुसार, उनकी प्रतिनियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। सरकार ने उन्हें सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम 3 के तहत कार्यालयाध्यक्ष घोषित करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी की शक्तियाँ भी प्रदान की हैं। जानकारी के अनुसार, डॉ. समरवीर सिंह सोमवार को अपना



कार्यभार ग्रहण करेंगे। गत माह डॉक्टर विजय सिंह के रिटायरमेंट के बाद अस्पताल के ही डॉक्टर बी डी व्यास को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया था।

इसके बाद शनिवार को सरकार ने जिला अस्पताल को स्थाई प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के तौर पर समरवीर सिकरवार को नियुक्ति दी हैं।

# 300 किलो घी से भरा टैंकर को किया सीज



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर टी शुभ मंगला के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन में शादियों समारोह में दूध व दूध से बनी वस्तुएं एवं परचूनी के सामान व खाद्य तेल की उपयोग करने की अधिकता बढ़ जाती है को देखते हुए रविवार को जय बजरंग डेरी गांव कुम्हा, सेवर से मावा व घी का नमूना एवं उच्चैन रोड सेवर स्थित श्री राम डेरी एंड चिलिंग प्लांट के अंदर एक टैंकर खड़ा था जिसमें लगभग 300 किलो घी भरा हुआ होना बताया जिसमें घी का नमूना लेकर उसको मौके पर ही मिलावट का शक होने पर टैंकर को सीज किया गया।

इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूप सिंह एवं रोशन लाल यादव मौजूद रहे।

# भरतपुर में सड़क-चौड़ीकरण से पहले लोगों ने खुद तोड़े मकान

## कच्चा-कुंडा रोड को 80 फुट बनाने के आदेश, 12 नवंबर से शुरू होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर नगर निगम निगम ने कच्चा कुंडा रोड़ चौड़ीकरण के नोटिस जारी होने के बाद लोगों ने खुद ही अपने मकान और दुकानें तोड़ना शुरू कर दिया है। दोनों तरफ से 25-25 फुट मकान तोड़े जायेंगे। नगर निगम की कार्रवाई से पहले ही लोगों ने खुद ही मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है। जिसके बाद अब कच्चा कुंडा वाली रोड़ 80 फुट की हो जाएगी।

### सड़क चौड़ीकरण के पक्ष में लोग

स्थानीय निवासी हीरा सिंह ने बताया कि सीएम भजन लाल



शर्मा भरतपुर के सड़कों के सौंदर्यीकरण की योजना लेकर आये हैं। हम सभी इस अभियान के समर्थन में हैं।

हमारे पास मकानों और दुकानों के पट्टे हैं लेकिन, नगर निगम ने 25 फुट सड़क एक दोनों तरफ से मकान तोड़ने के निशान लगाए हैं। जिसके बाद हमने खुद से मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है। हमारा उद्देश्य भरतपुर के सौंदर्यीकरण में साथ देना है। हमने अपनी दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है।

नगर निगम ने 30 अक्टूबर को मकान और दुकानों के तोड़ने के नोटिस दिए थे। जिसमें हमें 15 दिन का समय दिया था।

### कच्चा कुंडा रोड़ होगी 80 फुट की

अब कच्चा कुंडा से घना पक्षी बिहार जाने वाली रोड़ 80 फुट की हो जाएगी। 12 नवंबर को नगर निगम मकान तोड़ने की कार्रवाई करेगा। उससे पहले ही लोगों ने अपने मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है। हालांकि लोग नगर निगम का विरोध भी कर रहे थे लेकिन अब लोग नगर निगम की इस कार्रवाई के समर्थन में हैं।

# सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर एस आई आर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागेदारी निभाए- डॉ शैलेश सिंह

## डीग में एस आई आर अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**डीग( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र की विशेष गहन निरीक्षण कार्यशाला रविवार को डीग की खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित की गई । कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. शैलेश सिंह एवं संभाग प्रभारी डॉ. निमिषा गौड़ द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया । इस अवसर पर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता वी एल ओ 2 से तालमेल बनाकर मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को सफल बनाए। उन्होंने कहा कि एस आई आर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों की त्रुटियों को सुधारना और मतदाता सूची को शुद्ध



,स्वच्छ और पारदर्शी बनाने में सहयोग सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं तक वी एल ओ पहुंच नहीं पा रहे है कार्यकर्ताओं को वी एल ओ को उन मतदाताओं तक पहुंचाने में पूरी निष्ठा से अपनी भूमिका निभानी है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह एस आई आर अभियान की जानकारी घर घर जाकर सभी मतदाताओं तक पहुंचाए। डॉ सिंह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक केन्द्रीयऔर समयवद्व पुनरीक्षण है। जिसके तहत योग्य मतदाताओ के नाम जोड़े जाएगे और अयोग्य नाम हटाए जाएगें और त्रुटियों को सुधारा जाएगा, ताकि मतदाता सूची विश्वसनीय बने। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं को सूची में अपना नाम सही रखने के लिए प्रेरित करे। डॉ सिंह ने कहा कि शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सही लोगों के नाम जुडने चाहिए और गलत या फर्जी नाम हटाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्येक वूथ पर पात्र नागरिक का नाम सूची से नही छूटना चाहिए। इससे चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यशाला में कार्यक्रम संयोजक मुकेश सिंघल, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा , जिला उपाध्यक्ष जगदीश अज़ान, अनिल गुप्ता ,शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसे, हेमेन्द्र शर्मा अऊ, पवन खंडेलवाल, तुषार कौशिक, राहुल लवानियां, जातिन गुप्ता, दाऊदयाल नसवारिया, जगदीश टकसलिया, हरपाल सोलंकी राजेंद्र खंडेलवाल सहित एवं मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सदर पुलिस ने पकड़ा डीएलएड में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी

## पांच छात्रों से डीएलएड में प्रवेश के नाम पर लिए दो लाख, आरोपी पर कई अन्य मामले दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने ठगी के एक मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। जो भोले-भाले प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी का कारोबार करता था। आरोपी ने मई महीने में थाना क्षेत्र के उमरेह गांव से पांच छात्रों को यूपी के आगरा में एसटीसी में प्रवेश दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये की ठगी की थी। जिसका मामला पीड़ित छात्रों के परिजनों ने दर्ज कराया था। घटना को लेकर सदर थाना पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। जरिए मुखबिर और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर पीसी रिमांड पर लिया गया है। थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया की दिनांक 30 मार्च 2025 को एसपी धौलपुर के समक्ष उमरेह गांव निवासी कल्याण सिंह मीणा



पुत्र छोटेलाल मीणा ने एक परिवाद दिया था। जिसमें आरोप लगाया था कि उनके बेटे सहित पांच छात्रों से कंचनपुर थाना क्षेत्र के सोहा गांव निवासी आरोपी बबलू पुत्र केदार गौड़ ने डीएलएड(एसटीसी) कोर्स में आगरा के प्रवेश समर्पण कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये की ठगी की है। आरोपी ने ना तो बच्चों को प्रवेश दिलाया और ना ही रुपए वापस किये। इस पर पुलिस ने धारा 351(2),318(4) और 316(2) में मामला दर्ज का आरोपी की तलाश शुरू की। जिसको मोबाइल लोकेशन और मानवीय इनपुट के आधार पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी बबलू गौड़ से अब पुलिस मामले को लेकर पूछताछ कर रही है। उसे 2 दिन की पीसी रिमांड पर लिया है।

## श्रद्धालुओं की आस हुई पूरी ब्यावर से सांवरिया सेठ तक बस सेवा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** लंबे समय से श्रद्धालुओं की उठ रही मांग अब पूरी हो गई है। ब्यावर से सांवरिया सेठ धाम तक नियमित बस सेवा प्रारंभ कर दी गई है। यह बस प्रतिदिन प्रातः 5.40 बजे ब्यावर डिपो से रवाना होगी, जो विजय नगर, भीलवाड़ा, चित्तौडग़ढ़ होते हुए प्रातः 11.15 बजे सांवरिया सेठ धाम पहुंचेगी। वापसी में यह बस दोपहर 1.30 बजे सांवरिया सेठ से रवाना होकर सायं 7 बजे ब्यावर पहुंचेगी।इस सेवा के शुरू होने से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। काफी समय से ब्यावर से सांवरिया सेठ के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने की मांग की जा रही थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रोडवेज की चीफ मैनेजर शिप्रा सोनिवाल ने इस नई बस सेवा को मंजूरी दी।स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस निर्णय के लिए रोडवेज प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है और कहा कि अब सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक हो जाएगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया नशा मुक्ति व मीडिएशन जागरूकता अभियान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के तहत 12 से 15 नवम्बर तक विशेष मध्यस्थता शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में रविवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सब्जी मंडी में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नशा को ना कहें विषय पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। पैरा-लीगल स्वयंसेवक सरस्वती ने भी उपस्थित लोगों को जागरूक किया। साथ ही मध्यस्थता शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इसका उद्देश्य लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते से त्वरित निस्तारण करना है।

## भाजपा की भीलवाड़ा विधानसभा की मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्ष्क्र) की जानकारी और प्रशिक्षण देने के लिए भीलवाड़ा विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय पर राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, महापौर राकेश पाठक, बीएलए वन मुकेश चेचाणी के सान्निध्य में हुआ। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे ने कार्यशाला में कहा कि एसआईआर अभियान देश की सुरक्षा, समृद्धि और पारदर्शिता की दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम है। इस सर्वे के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति का सटीक और पारदर्शी रिकॉर्ड मिलेगा। इस अभियान की सफलता में संगठन द्वारा नियुक्त बीएलए वन और टू की अहम भूमिका रहेगी जिनका मुख्य कार्य वास्तविक मतदाताओं के नाम 2002 की मतदाता सूची से मैच कराते हुए सूची से फर्जी नामों को हटवाने का रहेगा। कार्यशाला में पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया ने कहा कि इस अभियान की शुरुआत कार्यकर्ता अपने घर से करें और व्यवस्थित फॉर्म भरकर जमा करवाएं। सभी की प्राथमिकता अपने बूथ को मजबूत करने की रहे।

### बूंदी महोत्सव 2025

# कला, शिल्प और संस्कृति का संगम,उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले का हुआ शुभारंभ

### पुष्कर के कलाकार की सेंड आर्ट ने मोहा मन, जिला कलक्टर ने चखी ऑर्गेनिक शहद, सराहा स्थानीय हुनर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान की सांस्कृतिक नगरी बूंदी में बूंदी महोत्सव 2025 के कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को कुंभा स्टेडियम में उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा एवं नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रांतों से आए कारीगरों का हुनर और सेंड आर्ट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहें।



जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने मेले में सजी स्टॉलों का बारीकी से अवलोकन किया और स्थानीय कारीगरों के हुनर की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने लाख की चूड़ियां बनाने के प्रदर्शन को सराहा और कारीगरों से इसे बनाने में प्रयुक्त सामग्री व प्रक्रिया की जानकारी ली। कारीगरों ने मौके पर ही जिला कलक्टर को एक लाख की चूड़ी बनाकर दिखाई। बड़ानयागांव के एक किसान द्वारा पत्थरों को तराश कर बनाई गई खूबसूरत मूर्तियों को देखकर वे प्रभावित हुए और मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया को जाना। ठीकरदा गांव से आए एक ग्रामीण द्वारा चाक पर बनाई जा रही मिट्टी की मटकियों का भी उन्होंने अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने मेले में प्रदर्शित ऑर्गेनिक शहद का रस्सास्वादन भी किया।

### सेंड आर्ट बनी आकर्षण का केंद्र

मेले का मुख्य आकर्षण पुष्कर से आए सेंड आर्टिस्ट का काम रहा। कलाकार ने रेत पर बूंदी की ऐतिहासिक धरोहरों और समसामयिक विषयों को खूबसूरती से उकेरा। कलाकार ने सुखमहल, चौरासी खम्भों की छतरी, हाथीपोल, हाड़ी रानी के त्याग, रामगढ़ सेंचुरी के टाइगर के साथ-साथ महाराणा प्रताप, वंदे मातरम ञ्च150 भारत के नक्शे को रेत पर जीवंत कर दिया। दर्शकों ने भी इन कलाकृतियों की खूब सराहना की। जिला कलक्टर ने कला की सुरक्षा के लिए इसके चारों ओर बैरिकेडिंग करवाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन इस अद्‌त कला का सुरक्षित रूप से अवलोकन कर सकें।

### 200 स्टॉलों पर खरीदारी का मौका

इस बार मेले में विभिन्न राज्यों के व्यापारियों और स्वयं सहायता समूहों ने लगभग 200 दुकानें सजाई हैं। मेले में बूंदी जिले के लिए चयनित विशेष पंच गौरव उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया है। स्टॉलों पर गर्म ऊनी वस्त्र, लेडीज कुर्ते, लहंगे, सजावटी सामान, राजस्थानी जूतियां, अचार, पापड़, फर्नीचर और दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस शुभारंभ अवसर पर उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय भारद्वाज, पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी सहित कई अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहें।

# चित्तौड़ग़ढ़ सहित 10 जिलों व मध्यप्रदेश के खिलाडि़यों ने दिखाया उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ (संजय खाबिया)।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, चित्तौडग़ढ़ के तत्वावधान में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता ने इस बार कई नए कीर्तिमान स्थापित किए। यह चित्तौडग़ढ़ की दूसरी ऐसी प्रतियोगिता रही, जिसमें 20 रेटेड खिलाडियों ने भाग लिया। कुल लगभग 100 प्रतिभागियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया।

चित्तौडग़ढ़ के अलावा 10 अन्य जिलों एवं मध्यप्रदेश से भी खिलाडियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊँचा हो गया।

किंग चेस क्लब के सचिव कृष्णचंद्र सोनी और अशोक सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्या रति देसाई, ब्लॉक पार्षद दीपक शर्मा, लायन्स क्लब से अशोक सोनी,आकाशवाणी चित्तौडग़ढ़ कलाकार अमित कुमार चेचानी एवं सीए अर्जुन मुंदड़ा के करकमलों से हुआ। अतिथियो द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर अपने उद्बोधन के माध्यम से खिलाडियों की हौसला अफजाई की और उनका मनोबल बढ़ाते हुए खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया और आयोजक मंडल का आभार जताया। टूर्नामेंट में कुल 8 वर्गों अंडर-8, अंडर-12, अंडर-16, गर्ल्स सीनियर, चित्तौडग़ढ़ स्पेशल और ओपन सीनियर में मुकाबले खेले गए।



जिसमें चंद्रप्रकाश जोशी प्रथम, दाक्षिता कुमावत द्वितीय और हेमेंद्र सिंह मकवाना तृतीय रहे। वहीं बेस्ट वुमन में शिवांगी राठौर प्रथम, सौम्या गहलोत द्वितीय और पूर्वा साल्वी तृतीय रहे। इसके अलावा अन्य वर्गों में भी प्रथम द्वितीय तृतीय को पुरस्कार व अन्य सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए गए।

## रायसिंहनगर बस स्टैंड के समीप लाधूनाथ जी महाराज मार्ग का हुआ भव्य लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** शहर के बस स्टैंड के नजदीक ला धूनाथ जी महाराज मार्ग का आज विधिवत रूप से लोकार्पण समारोह बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जय श्री लाधूनाथ जी महाराज के गगनभेदी जयघोषों से हुई। नायक समाज के जिला अध्यक्ष डी.सी. जोईया और तहसील अध्यक्ष सीताराम नायक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मार्ग के बोर्ड पर फूल-मालाएं अर्पित की गईं, प्रसाद वितरण किया गया और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच मार्ग का उद्‌घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य लीलूराम जी, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुनील नायक, भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष तारा बौद्ध, पार्षद संजय कुमार, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, पत्रकार रामस्वरूप, डा. मदनलाल नायक, जयलाल लोहरा, गोरधन गेचड़, गोपीचंद्र सारंग, पृथ्वीराज, प्रवीण जाखटिया, राजेश अठवाल, विक्की डागला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने इस आयोजन को लाधूनाथ जी महाराज के आशीर्वाद का प्रतीक बताया और नगर में ऐसे धार्मिक मार्गों के नामकरण को समाज की एकता और श्रद्धा का प्रतीक बताया।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 12 नवंबर को ब्यावर में निकलेगी भव्य पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक देशभर में जिला स्तरीय पदयात्राएँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ब्यावर में यह पदयात्रा 12 नवम्बर को प्रातः 9.30 बजे अशोक पैलेस से प्रारंभ होगी, जो अजगर बाबा, जालिया प्रथम, सोवनिया, दुर्गावास चौराहा होते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर तक लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। विधायक शंकर सिंह रावत ने सेंदरा रोड स्थित विधायक



कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में अमृत पीढ़ी अर्थात वर्तमान युवा वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी जिला युवा अधिकारी जयेश मीना ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ 6 अक्टूबर को माई भारत पोर्टल पर किया गया था। अभियान के प्रमुख चरणों में स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ, स्वदेशी मेले व स्वच्छता अभियान शामिल हैं। पदयात्रा के दौरान श्रद्धांजलि कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और प्रमाणपत्र वितरण भी आयोजित किए जाएंगे उक्त वार्ता में गणपत सिंह महिपाल सिंह (सरपंच संघ अध्यक्ष), सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे ।युवाओं से अपील की गई है कि वे माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर इस ऐतिहासिक पदयात्रा का हिस्सा बनें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## सिन्धी भाषा के विश्वविद्यालय की शीघ्र स्थापना के लिए संगठित प्रयास- तीर्थाणी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भारतीय सिन्धु सभा की ओर से देश में सिन्धी भाषा के विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये संगठित प्रयास किये जा रहे हैं भारत सरकार सिन्धी विषय लेकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिय विष्वविद्यालय के माध्यम से मातृभाषा के कोर्स, शोध कार्य सहित रोजगार के कार्स प्रारम्भ करे जिससे सिन्धी भाषा, सभ्यता व संस्कृति संर्वद्धन में सफलता मिले। जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि ऐसे विचार सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी पूज्य झूलेलाल मन्दिर, पंचवटी भीलवाडा



में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में प्रकट किये। भारत सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति के तहत संगठन की ओर से सिन्धी मातृभाषा से विद्यार्थियों को जोडने के प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक का संचालन महामंत्री किशोर कृपलानी ने किया। इस बैठक में अध्यक्ष परमानन्द गुरनानी, ओम गुलाबानी, लक्ष्मणदास लालवानी, सहित संगठन पदाधिकारियों, मातृशक्ति व युवा ईकाई के साथ सिन्धी शिक्षा मित्र व सुपरवाईजर उपस्थित थे।

# ध्वजारोहण के साथ आरम्भ हुई दृष्टिबाधित विद्यार्थी की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ (संजय खाबिया)।** चित्तौडग़ढ़ में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की प्रथम राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ध्वजारोहण के साथ आरम्भ हुआ। लक्ष्मी लाल स्वर्णकार संयुक्त सचिव दृष्टिहीन क्रीड़ा परिषद अजमेर एवं आयोजन सचिव ने बताया कि सर्व प्रथम माँ सरस्वती का पूजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि हिमांशु समदानी अध्यक्ष सीवीआरटी 361 तथा अध्यक्षता प्रमोद कुमार दशोरा अति. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, चित्तौडग़ढ़ तथा विशिष्ट अतिथि दीपक पगारिया, शंशाक चीपड, ऋषभ सिसोदिया, ऋषि ईनाणी, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश छीपा के सानिध्य में उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। स्वागत उद्बोधन में एडीपीसी समग्र शिक्षा ने बताया की दिव्यांग



विद्यार्थी के शैक्षिक, सामाजिक समावेशन हेतु समान अवसर एवं भागीदारी के लिए अवसर प्रदान करना नितान्त आवश्यक है। इस क्रम में सीवीआरटी के अध्यक्ष मे कहा कि दिव्यांग को अवसर प्रदान करने की दृष्टि से विगत तीन वर्षो से चित्तौडग़ढ़ में राज्य स्तरीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके सार्थक परिणाम दिखे जा सकते है।

स्वागत उद्बोधन दृष्टिहीन क्रीड़ा परिषद अजमेर के संयुक्त सचिव लक्ष्मी लाल स्वर्णकार द्वारा किया गया तथा परिषद के विगत 45 वर्षो की प्रगति से सभी को अवगत किराया। आयोजन के दौरान एडीपीसी समग्र शिक्षा द्वारा उद्‌घाटन घोषणा की गई तथा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। समस्त खिलाडियो को प्रतियोगिता के टीशर्ट वितरित किये गये।

निर्णायक रेखा चौधरी, रतन गुर्जर, राजेन्द्र गालव, मनोहर कुमावत, दीलिप सिंह, हरिश, कैलाश, कमल सिह चुण्डावत, 9 नवंबर को कुल तीन मैच खेले यथा राजकीय आवासीय अंध विद्यालय आगणवा जोधपुर से नेत्रहीन कल्याण संघ जयपुर जिसमें अगणवा विजय रहा। दूसरा मैच नेत्रहीन विकास संस्थान जोधपुर का राजकीय प्रज्ञाचक्षु राउमावि अंध विद्यालय उदयपुर के साथ जिसमें उदयपुर विजेता रहा। तीसरा मैच राजकीय राउमावि अंध विद्यालय आदर्श नगर अजमेर का राजकीय आवासीय अंध विद्यालय आगणवा जोधपुर से हुआ जिसमें आगणवा विजेता रही। कार्यक्रम का संचालन हेमेन्द्र कुमार सोनी संदर्भ व्यक्ति कार्य समन्वयक तथा आभार अम्बा लाल गुर्जर परिषद संयुक्त सचिव द्वारा व्यक्त किया गया।

## नैनवां में बून्दी उत्सव मनाया-नजर आई लोक संस्कृतिक की झलक



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(नि.स.)।** सतरंगी बून्दी उत्सव को लेकर नैनवां में भी कई कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। लेकिन आमजन की भागीदारी नहीं होने से बून्दी उत्सव में इतना रंग नही जम पाया। इतना ही नहीं जनप्रतिनिधी एंव कई विभागो के अधिकारियो भी कार्यक्रम से नदारद रहे। सवेरे कॅवर नैनसिंह की छतरियो में स्थित मंशापूर्ण गणेश महाराज की पूजा अर्चना की इसके बाद कस्बे के गढ़चौक से शोभायात्रा की शुरूआत हुई जिसमें घुड़ सवार बून्दी उत्सव का ध्वज लेकर चल रहे थे। इसके पीछे कच्छी घोड़ी एंव तेजाजी गायन करते हुए कलाकार अपनी कलाओ का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। इसके पीछे महिलाए एंव स्कूली छात्राएं अपने सीर पर कलश लेकर चल रही थी। शोभायात्रा मुख्य बजार से होते हुए कनक सागर की पाल एंव भगत सिंह सर्किल के बाद सीनियर सैकण्डरी स्कूल प्रांगण में पहुॅची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।

### प्रतियोगिताओ में नजर आया उत्साह

बून्दी उत्सव को लेकर कई प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ जिसमें रंगोली,मेंहदी,मांडना,रस्साकस्सी, सॉफा बांधने जैसी प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभागियो ने उत्साह से भाग लिया।

# राज्यपाल ने श्री श्याम महोत्सव पोस्टर का विमोचन किया

### बालोतरा में बन रहे खाटूश्यामजी मंदिर पर हुई विशेष चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने रविवार को जयपुर स्थित राजभवन में श्री श्याम महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। यह महोत्सव श्री श्याम शरणम् सेवा समिति (रजि.), बालोतरा द्वारा 25 नवंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुमित संचेती ने राज्यपाल का दुपट्टा ओढ़ाकर, गुलदस्ता और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। राज्यपाल बागड़े ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खाटूश्यामजी की भक्ति समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की प्रेरणा देती है। उन्होंने समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और 25 नवंबर को बालोतरा में होने वाले महोत्सव में शामिल होने का प्रयास करने की बात कही।

**महत्व के बारे में बताया**-पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के बाद बालोतरा में निर्माणाधीन बाबा खाटूश्यामजी मंदिर के निर्माण कार्य पर भी विस्तृत चर्चा हुई। समिति अध्यक्ष ने राज्यपाल को मंदिर की स्थापत्य योजना, निर्माण की प्रगति और धार्मिक दृष्टिकोण से इसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल बागड़े ने इस दौरान कहा कि ऐसे धार्मिक स्थल समाज में आस्था, संस्कृति और लोक एकता के प्रतीक होते हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया और इसके शीघ्र पूर्ण होने की कामना की।

# उड़ते विमान में पैसेंजर ने किया धूम्रपान

### टॉयलेट से धुएं की गंध आने पर हुआ शक, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में स्टाफ ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलूरु से जयपुर आने वाली फ्लाइट में एक यात्री सिगरेट पीता हुआ पकड़ा गया। एयरलाइन स्टाफ को फ्लाइट के दौरान टॉयलेट से धुएं की गंध आने पर शक हुआ। जांच करने पर पाया गया कि एक पैसेंजर टॉयलेट में सिगरेट पी रहा है। फ्लाइट अटेंडेंट ने तुरंत उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन पैसेंजर ने विरोध करना शुरू कर दिया। घटना एयर इंडिया एक्सप्रेस नाईन - 2986 की है। रविवार शाम करीब 5 बजकर 30 मिनट जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई फ्लाइट से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं इसके बाद से एयरपोर्ट के सिक्योरिटी सिस्टम पर भी सवाल उठने लगे हैं। एयरलाइन के सिक्योरिटी स्टाफ ने मामले की जानकारी तुरंत कैप्टन को दी। विमान के जयपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की टीम ने सीआईएसएफ की मदद से उस पैसेंजर को पुलिस के हवाले कर दिया। जयपुर एयरपोर्ट पुलिस के मुताबिक पैसेंजर से पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार पैसेंजर ने नियमों की अनदेखी करते हुए विमान के टॉयलेट में सिगरेट पी थी। पुलिस ने एयरलाइन स्टाफ के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जैसलमेर में सेना की मिसाइल टारगेट से चूकी

### गांव से 500 मीटर पहले गिरी, तेज धमाके से दहशत; सैन्य अभ्यास के दौरान हुई घटना

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** जैसलमेर में सैन्य अभ्यास के दौरान मिसाइल मिस फायर हो गई। टारगेट से मिस हुई मिसाइल रेंज के पास ही भादरिया गांव के पास गिरी। मिसाइल गिरते ही तेज धमाका हुआ। इससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज की है। सूचना पर स्थानीय पुलिस और सेना की टीम मौके पर पहुंची। मिसाइल के पिछले हिस्से के मलबे को पिकअप गाड़ी में लादकर फील्ड फायरिंग रेंज में ले गए। बाकी के टुकड़ों की तलाश की जा रही है। सैन्य सूत्रों के अनुसार जैसलमेर के लाठी क्षेत्र में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शनिवार को भारतीय वायु सेना का नियमित अभ्यास चल रहा था। इस दौरान दागी गई एक मिसाइल टारगेट से भटक गई। मिसाइल फील्ड फायरिंग रेंज की वायरिंग के पास भादरिया गांव से 500 मीटर दूर गिरी। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। भादरिया गांव के लोग घरों से बाहर निकल आए। गांव की आबादी करीब 3 हजार है। सेना के अधिकारियों ने तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया। जवानों ने भादरिया गांव के पास से मिसाइल का पिछला हिस्सा बरामद किया। वे पिकअप गाड़ी में मिसाइल के टुकड़े को लादकर ले गए। जानकारी के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के गांवों में लोग दहशत में आ गए।

# रीवा में स्कॉर्पियो ने 4 को कुचला

### मरने वाले तीन लोग एक ही परिवार के; सड़क पर काफी देर तक पड़े रहे शव

बढ़ता राजस्थान

**रीवा।** रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहे चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में चारों की मौत हो गई, इनमें दो बच्चे हैं। मरने वाले तीन लोग एक ही परिवार के थे। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे से पहले तीन लोग पैदल सड़क पार कर रहे थे, जबकि एक व्यक्ति बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीन शव काफी देर तक सड़क पर ही पड़े रहे। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही गढ़ और मनगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# उत्तराखंड का असली परिचय आध्यात्मिक शक्ति : पीएम मोदी

## दुनिया की स्पिरिचुअल कैपिटल के रूप में स्थापित हो सकते हैं; 8140 करोड़ की योजनाएं शुरू कीं

बढ़ता राजस्थान

**उत्तराखंड (एजेंसी)।** उत्तराखंड की रजत जयंती पर रविवार को पीएम मोदी देहरादून पहुंचे। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में 29 मिनट के भाषण की शुरुआत उन्होंने गढ़वाली बोली में की। उन्होंने कहा- भै-बंधों, दीदी भुल्यों, दाना स्याणां...आप सबुकई म्यारु नमस्कार। इसके बाद उन्होंने सभी उत्तराखंडियों को राज्य गठन के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा- तीर्थाटन और बरामासी पर्यटन उत्तराखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, राज्य का असली परिचय उसकी आध्यात्मिक शक्ति है। ये दुनिया की स्पिरिचुअल कैपिटल के रूप में स्थापित हो सकता है। पीएम ने मंच से बटन दबाकर 8140 करोड़ की योजनाएं भी शुरू कीं। उन्होंने कहा कि कई बार इस राज्य के विकास पर ब्रेक लगा है, लेकिन हमने सुनिश्चित किया है कि ये ब्रेक ना लगे। अगस्त 2014 के बाद 30वीं बार उत्तराखंड पहुंचे मोदी से पहले मंच को संबोधित करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उनकी जमकर तारीफ की, मंच से ही उन्होंने एक कविता पढ़कर पीएम को राष्ट्रऋषि बताया।

### मोदी बोले- यहां के 15 कृषि उत्पादों को जीआई टैग मिला

मोदी ने कहा कि वेडिंग डेस्टिनेशन में भी उत्तराखंड लोकप्रिय हो रहा है। मेरा अभियान है- वेड इन इंडिया। साथियों ने देश ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया है। इसका रास्ता वोकल फॉर लोकल से पूरा होगा। मुझे खुशी है कि यहां अभियान को तेज गति मिली है। यहां 15 कृषि उत्पादों को जीआई टैग मिला है। बद्री गाय का घी पहाड़ के हर घर की शान है। बेंडू अब बाहर के बाजारों तक पहुंच रहा है। वो उत्पाद जहां जाएगा, अपने साथ उत्तराखंड की पहचान भी ले जाएगा। मोदी ने कहा कि आप सभी को फिर से हार्दिक शुभकामनाएं। आज से 25 साल बाद जब देश आजादी के 100 साल बनाएगा तो अभी से लक्ष्य बनाएं। भारत सरकार उत्तराखंड सरकार के साथ खड़ी है। हर परिवार,



मोदी बोले- उत्तराखंड फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है

उत्तराखंड में 12 महीने पर्यटन की संभावना रही है। मुझे खुशी है कि राज्य विंटर टूरिज्म को नया आयाम दे रहा है। सर्दियों में पर्यटकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। 3 साल पहले आदि कैलाश यात्रा में 2 हजार श्रद्धालु आते थे, अब 30 हजार आते हैं। इको टूरिज्म की बहुत संभावना है। उत्तराखंड अब फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है।

### मोदी बोले- उत्तराखंड स्पिरिचुअल कैपिटल के रूप में स्थापित हो सकता है

उत्तराखंड ने 25 सालों में विकास की लंबी यात्रा तय की है। सवाल ये है कि अगले 25 सालों में किस ऊंचाई पर देखना चाहेंगे। जहां चाह, वहां राह। जब हमें पता होगा कि लक्ष्य क्या है, उसको हासिल कर पाएंगे। उत्तराखंड का असली परिचय उसकी आध्यात्मिक शक्ति है। राज्य ठान लें तो यह खुद को स्पिरिचुअल कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड के रूप में स्थापित कर सकता है।

### पीएम बोले- यहां के तीर्थों में लाखों भक्त आते हैं

मोदी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार अब सेब और टीवी के किसानों को डिजिटल करेंसी में अनुदान दे रही है। देवभूमि उत्तराखंड भारत के आध्यात्मिक जीवन की धड़कन है। यहां अनगिनत तीर्थ हैं, वे हमारी आस्था के प्रतीक हैं। लाखों भक्त यहां आते हैं। उनकी यात्रा भक्ति का मार्ग खोलती है। यहां की इकोनॉमी में ऊर्जा भरती है।

### मोदी बोले- नए प्रोजेक्ट राज्य में नए अवसर पैदा करेंगे

मोदी ने कहा कि मैंने कुछ देर पहले उत्तराखंड के युवाओं से बिजनेसमैन से बात की। वे सभी उत्तराखंड की ग्रोथ को लेकर उत्साहित हैं। उत्तराखंड की विकास यात्रा को गति देने के लिए आज कई प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया गया है। ये प्रोजेक्ट रोजगार के नए अवसर तैयार करेंगे।

# संघ की शाखा में मुस्लिम-ईसाई भी आते हैं : मोहन भागवत

### हम नहीं पूछते- कौन क्या है; संघ में भगवा रंग गुरु, तिरंगे का भी बहुत सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चीफ मोहन भागवत ने कहा कि संघ की सोच समावेशी है। शाखा में मुस्लिम भी आते हैं, ईसाई भी आते हैं और हिंदू भी आते हैं। हम यह नहीं पूछते कि कौन क्या है। हम सब भारत माता के पुत्र हैं। यही संघ की कार्यशैली है। उन्होंने कहा- हमारा किसी एक दल से कोई विशेष लगाव नहीं है। संघ की कोई पार्टी नहीं है। कोई भी पार्टी हमारी नहीं और सभी पार्टियां हमारी हैं क्योंकि वे भारतीय दल हैं। हम राष्ट्रनीति का समर्थन करते हैं, राजनीति का नहीं। हम देश को एक दिशा देना चाहते हैं। जो उस दिशा में काम करेगा, हम उसका समर्थन करेंगे। इससे पहले भागवत ने कहा था कि संघ भगवा झंडे को मानता है, तिरंगे को नहीं, इस मुद्दे पर भागवत ने कहा कि संघ में भगवा को गुरु मानते हैं, लेकिन हम तिरंगे का बहुत सम्मान करते हैं। दरअसल, भागवत ने यह बात कर्नाटक के बेंगलुरु में विश्व संवाद केंद्र में 8-9 नवंबर तक दो दिन के 100 इयर्स ऑफ संघ जर्नीः न्यू होराइजन्स लेक्चर सीरीज में कही है। रविवार को इसका आखिरी दिन था।

### भागवत बोले- संघ को तीन बार बैन किया गया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हमारे संगठन को व्यक्तियों के एक निकाय के रूप में मान्यता दी जाती है। संघ की 1925 में स्थापना हुई थी। क्या आपको लगता है कि ब्रिटिश सरकार इसका रजिस्ट्रेशन करती? असल में कांग्रेस आरोप लगाती है कि ऋस्स बिना रजिस्ट्रेशन के ही चलने वाला संगठन है। भागवत ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य नहीं किया। हम लोगों के समूह की श्रेणी में आते हैं और हम एक जाना-माना संगठन हैं। इनकम टैक्स विभाग और अदालतें आरएसएस को लोगों का समूह मानती हैं। हमारे संगठन को इनकम टैक्स से छूट दी गई थी।



**मोहन भागवत का संबोधन की बड़ी बातें...**

1. **भारत में सभी हिंदू है:** यहां के सभी मुसलमान और ईसाई भी उन्हीं पूर्वजों के वंशज हैं। शायद वे भूल गए हैं या उन्हें भुला दिया गया है। भारत में कोई अहिंदू नहीं है।
2. **भारत को ब्रिटिशों ने नहीं बनाया, यह प्राचीन राष्ट्र है-** हमारा राष्ट्र ब्रिटिशों की देन नहीं है। हम सदियों से एक राष्ट्र हैं। दुनिया के हर देश की एक मूल संस्कृति होती है। भारत की मूल संस्कृति क्या है? कोई भी परिभाषा दें, वह आखिर में 'हिंदू' शब्द पर ही पहुंचती है।
3. **हिंदू होना मतलब भारत के प्रति जिम्मेदारी लेना-** भारत में कोई 'अहिंदू' नहीं है। हर व्यक्ति चाहे जाने या न जाने, भारतीय संस्कृति का पालन करता है। इसलिए हर हिंदू को यह समझना चाहिए कि हिंदू होना मतलब भारत के प्रति जिम्मेदारी लेना है।
4. **भारत का हिंदू राष्ट्र होना संविधान के खिलाफ नहीं-** भारत का हिंदू राष्ट्र होना किसी बात के विरोध में नहीं है। यह हमारे संविधान के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके अनुरूप है। संघ का लक्ष्य समाज को जोड़ना है, तोड़ना नहीं।

# वोट चोरी को एसआईआर से कवर कर रहे : राहुल गांधी

### कहा : मोदी- शाह ने लोकतंत्र का नुकसान किया; पचमढ़ी में जंगल सफारी की, बच्चों से मिले

बढ़ता राजस्थान



**पचमढ़ी (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा- हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। हर आठ में से एक वोट चोरी किया गया। ये बीजेपी और इलेक्शन कमीशन का सिस्टम है। मध्य प्रदेश में भी ऐसा हुआ है। हमारे पास सबूत हैं, जो हम आहिस्ते आहिस्ते दिखाएंगे। राहुल ने कहा- मेन मुद्दा वोट चोरी है, जिसे अब विशेष गहन पुनरीक्षण से कवर किया जा रहा है।

# भारतीय वायुसेना का 93वां स्थापना दिवस

### ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 75 विमानों का फ्लाइंग डिस्प्ले

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना के 93वें स्थापना दिवस पर नॉर्दर्न कमांड गुवाहाटी में पहला एयर शो हुआ। वायुसेना के एयर वॉरियर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 25 से ज्यादा फॉर्मेशन बनाए। इसके लिए राफेल, सुखोई, तेजस समेत 75 से ज्यादा प्लेन और हेलिकॉप्टरों ने फ्लाइंग डिस्प्ले किया।



# बीजेपी सांसद बोले- राहुल गांधी बूढ़े हो गए हैं

### शादी नहीं की, इसका मतलब नहीं कि जवान ही रहेंगे; जब संपत्ति नहीं तो विदेश क्यों जाते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के विदेश दौरे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि जब आपका परिवार कहता है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है, तो सारा पैसा कहां से आ रहा है। आप कोलंबिया या कंबोडिया क्यों जा रहे हैं, किस वजह से। आपके परिवार की इटली में क्या संपत्ति है। हर चीज की जांच होगी।

राहुल गांधी की शादी नहीं हुई तो इसका मतलब ये नहीं कि वे युवा हैं। मेरी और राहुल गांधी की उम्र बराबर है। मेरे दो बेटे हैं, वे शादी की उम्र के हैं। हो सकता है कि अगले साल मैं उनकी शादी कर दूं। इसका मतलब वे (राहुल गांधी) बूढ़े हो गए हैं। जब आपके (राहुल) परिवार के पास कोई संपत्ति नहीं तो आप पैसा कहां से ला रहे हैं।

दुबे ने कहा- आप कंबोडिया, वियतनाम क्यों जा रहे हैं, किसलिए जा रहे हैं? इटली में आपके परिवार के पास कितनी संपत्ति है, इसकी जांच होगी। क्या लड्डू को समझ नहीं आ रहा है कि उनकी उम्र 55-56 साल हो गई है। मेरी भी उतनी उम्र हो गई है, मैं बूढ़ा हो गया हूं। शादी न होने के ये मतलब नहीं कि जवान हो गए।


# गुजरात एटीएस ने आईएसआईएस के तीन आतंकी पकड़े

### देश में कई जगह हमले करने की प्लानिंग कर रहे थे, हथियार जमा करने पहुंचे थे गुजरात

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने आतंकी गतिविधियों में शामिल तीन लोगों को अहमदाबाद के अडालज से गिरफ्तार किया है। एटीएस टीम पिछले कुछ दिनों से इन पर नजर रख रही थी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद एटीएस ने रविवार सुबह तीनों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला है कि तीनों आईएसआईएस के लिए काम कर रहे थे। दो यूपी से, एक हैदराबाद का निवासी प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए दो आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जबकि तीसरा आतंकी हैदराबाद का निवासी है। तीनों यूपी से गुजरात के अडालज पहुंचे थे। इनके पास से तीन पिस्तौल, 30 कारतूस और भारी मात्रा में केमिकल बरामद किया गया है। देश में कई जगहों पर हमले की योजना थी एटीएस को जानकारी मिली है कि आतंकी हथियार जमा करने के लिए गुजरात आ रहे थे और इनकी योजना देश में कई जगहों पर हमले करने की थी। तीनों आतंकी दो अलग-अलग मॉड्यूल का हिस्सा हैं। एटीएस के रडार पर मौजूद आतंकी देश में किन जगहों पर हमला करने वाले थे, इसकी जाच शुरू कर दी गई है। गुजरात एटीएस दोपहर करीब 1:30 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगे की जानकारी देगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# कश्मीर में पाकिस्तान का नेटवर्क, 120 जगह छापे : सिम कार्ड, डिजिटल डिवाइस जब्त; आतंकियों के मददगार 2 पुलिस अधिकारी बर्खास्त

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दो पुलिस अधिकारियों को आतंकवादियों से संबंध रखने और उनकी मदद करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त अधिकारियों की पहचान अब्दुल लतीफ और मोहम्मद अब्बास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अब्दुल लतीफ आतंकवादियों के संपर्क में था और उनका सपोर्ट कर रहा था। एफआईआर दर्ज की गई है और वह फिलहाल डोडा जेल में बंद है। वहीं दूसरे अधिकारी के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज हैं। कश्मीर में आतंक नेटवर्क को तोड़ने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। जम्मू-कश्मीर पुलिस, काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की संयुक्त टीमों ने 120 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापों के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड, डिजिटल डिवाइस और अन्य सामग्री जब्त की गई थी। जांच एजेंसियों के मुताबिक, यह ऑपरेशन खास खुफिया इनपुट के आधार पर किया गया। जानकारी मिली थी कि जेल में बंद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बैठे आतंकियों के रिश्तेदार बडगाम, कुलगाम और शोपियां जैसे दूरदराज इलाकों से उनके संपर्क में हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।